

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर 28वें ब्रॉडकास्ट एंड मीडिया टेक्नोलॉजी पर आधारित प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 13 अंक: 46 पृष्ठ: 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'विपक्ष के पास मोदी का कोई तोड़ नहीं, डूब रही गठबंधन की नांव'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

चुनावी बॉन्ड योजना के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनावाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसपर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना की आलोचना करते हुए इसे असंवैधानिक बताया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर भाजपा ने कहा कि शीर्ष अदालत के हर फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है क्योंकि उसके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी सरकार द्वारा किए गए सकारात्मक कार्यों का कोई विकल्प नहीं है।

**सुप्रीम फैसले का होना चाहिए सम्मान**

भाजपा की यह प्रतिक्रिया सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक ऐतिहासिक फैसले में लोकसभा चुनाव से पहले चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने के बाद आई है। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि हम अदालत में अपना पक्ष रखते हैं, कुछ मामले जीतते हैं और कुछ हारे जाते हैं। लेकिन हर किसी को सुप्रीम कोर्ट के किसी भी आदेश या फैसले को स्वीकार और सम्मान करना चाहिए।

**विपक्ष के पास नहीं भाजपा का तोड़**

भाजपा प्रवक्ता ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल इसका राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास मोदी जी के नेतृत्व और उनकी सरकार द्वारा किए गए सकारात्मक कार्यों का कोई जवाब या विकल्प नहीं है। भारत अब दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

**गठबंधन की डूब रही नाव**

नलिन कोहली ने कहा कि ये राजनीतिक दल जिस जिस गठबंधन को तैयार कर रहे थे, वो अब खुद दल-दल में फंसता जा रहा है। केंद्र सरकार चुनावों में काले धन के इस्तेमाल के मुद्दे से निपटने के लिए चुनावी बॉन्ड योजना लेकर आई है। इसका मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में काले धन को कैसे रोका जाए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को स्वीकार किया जाना चाहिए।

**विपक्ष हुआ भाजपा पर हमलावर**

बता दें कि शीर्ष अदालत ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को छह साल पुरानी योजना के योगदानकताओं के नाम चुनाव आयोग को बताने का आदेश दिया। विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर हमला बोला।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"
भागवद्

### मन की बात



"दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।"
स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




## इलेक्टोरल बॉन्ड पर लगी 'सुप्रीम' रोक

### यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है: सुप्रीम कोर्ट, अब 13 मार्च को पता चलेगा किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया

**असंवैधानिक**

8 सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव से कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 6 साल पुरानी इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। अब 13 मार्च को पता चलेगा किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया।। कोर्ट ने इलेक्शन कमीशन से 13 मार्च तक अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की जानकारी पब्लिश करने के लिए कहा है। इस दिन पता चलेगा कि किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया। यह फैसला 5 जजों ने सर्वसम्मति से सुनाया। चीफ जस्टिस ने कहा, 'पॉलिटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है।' 2018 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है। 6 साल में चुनावी बॉन्ड से भाजपा को 6337 करोड़ की चुनावी फंडिंग हुई। कांग्रेस को 1108 करोड़ चुनावी चंदा मिला। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब यह पता चलेगा कि किस कंपनी, किन लोगों से कितना पैसा मिला है। 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। ब्लैक मनी पर अंकुश लगेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने स्कीम को असंवैधानिक करार दिया:** इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक करार दिया जाता है, क्योंकि इससे लोगों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन होता है और इसमें देने के बदले कुछ लेने की गलत प्रक्रिया पनप सकती है।

### ...तो मतदाता अपने वोट के लिए सही चुनाव कर सकता है

**पॉलिटिकल** फंडिंग की जानकारी के चलते मतदाता अपने वोट के लिए सही चुनाव कर सकता है। सारी राजनीतिक फंडिंग पब्लिक पॉलिसी में बदलाव के मकसद से नहीं होती है। छात्र, दिहाड़ी मजदूर आदि भी चंदा देते हैं। ऐसे में सिर्फ इसलिए चुनावी चंदे को गोपनीयता के दायरे में रखना, क्योंकि कुछ कंट्रीब्यूशन किसी और मकसद से किए गए हैं, यह अनुचित है।

**कंपनियों के डोनेशन प्रोसेस में कब और क्या बदलाव किया गया:** कंपनी एक्ट 2013 के तहत कोई कंपनी किसी पॉलिटिकल पार्टी को चंदा दे सकती है। इसमें बदलाव से पहले कुछ शर्तें थीं। डोनेशन को बोर्ड की मंजूरी मिली हो, डोनेशन कैश में नहीं दिया जा सकता है, चंदे का जिक्र कंपनी के प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट में होना चाहिए।

### 'कंपनियों की ओर से की गई फंडिंग व्यापार होता है'

**किसी** एक व्यक्ति की ओर से दिए गए चंदे के मुकाबले किसी कंपनी की ओर से की गई फंडिंग का राजनीतिक प्रक्रिया पर ज्यादा असर हो सकता है। कंपनियों की ओर से की गई फंडिंग शुद्ध रूप से व्यापार होता है। चुनावी चंदे के लिए कंपनी एक्ट में संशोधन मनमाना और असंवैधानिक कदम है। इसमें कंपनियों और किसी एक चंदा देने वाले को एक जैसा बना दिया गया। इसके जरिए कंपनियों की ओर से राजनीतिक दलों को असीमित फंडिंग का रास्ता खुला।

## पीएम मोदी-कतर के अमीर के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विदेश** सचिव विनय क्वात्रा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कतर यात्रा काफी महत्वपूर्ण है। विदेश सचिव ने कहा कि पीएम मोदी की यात्रा ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत और कतर के संबंधों को काफी ऊंचे स्तर पर ले जाने का आधार तैयार किया है। विदेश सचिव ने कहा कि भारत और कतर दो देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए निवेश को माध्यम के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को भारत आने का निमंत्रण दिया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की और भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश और साझेदारी को लेकर बात की। प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की वार्ता पर विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा में व्यापार साझेदारी, निवेश सहयोग और ऊर्जा संबंध शामिल हैं।

## भारतीय किसान परिषद भारत बंद के समर्थन में

### राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर ने कहा कि कल हजारों की तादाद में किसान चक्का जाम करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चंडीगढ़**

**मंगलवार** को शंभू बॉर्डर पर हुए बवाल के बाद बुधवार को भी तनाव की स्थिति बनी रही। शाम को तय हुआ कि गुरुवार शाम एक बार फिर केंद्र किसानों से बात करेगा। तब तक किसानों ने आगे न बढ़ने का निर्णय लिया है।

**केंद्रीय मंत्री बैठक के लिए पहुंचे:** किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए केंद्रीय मंत्री मीटिंग स्थल पर पहुंचे। सीएम भगवंत मान किसान नेताओं से बैठक के लिए सेक्टर 26 के महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट पहुंचे।



**भारतीय किसान परिषद ने भारत बंद का किया समर्थन:** भारतीय किसान परिषद ने भारत बंद का समर्थन किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि कल हजारों की तादाद में किसान चक्का जाम करेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऐलान किया गया।

**हरियाणा कांग्रेस ने 17 फरवरी तक सभी कार्यक्रम किए स्थगित:** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 फरवरी तक के अपने सभी कार्यक्रमों को स्थगित किया गया है।

किसान आंदोलन के चलते इन कार्यक्रमों को फिलहाल टाला गया है। स्थगित हुए कार्यक्रमों में 17 तारीख को हिसार में होने वाला पिछड़ा वर्ग सम्मेलन, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के विभिन्न कार्यक्रम भी शामिल हैं।

## बीजेपी को 2022-23 में 720 करोड़ का डोनेशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने राजनीतिक दलों को मिलने वाले डोनेशन की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक, फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में बीजेपी को लगभग 720 करोड़ रुपए डोनेशन मिले हैं। भाजपा को मिली रकम कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) और नेशनल पीपुल्स पार्टी को मिले डोनेशन से पांच गुना अधिक है। फाइनेंशियल ईयर में 20 हजार से अधिक का डोनेशन मिलने पर रजिस्टर्ड पॉलिटिकल



पार्टियों को खुलासा करना होता है। 2022-23 में नेशनल पार्टियों को कुल 850.43 करोड़ रुपए डोनेशन में मिले हैं। कुल डोनेशन में कांग्रेस ने सिर्फ 79.92 करोड़ रुपए मिलने की घोषणा की है। कुल 12 हजार 167 डोनेशन में भाजपा को 7,945 और कांग्रेस को 894 डोनेशन से ये रकम हासिल हुई है। बीजेपी को सबसे ज्यादा 7945 डोनेशन में 719.85 करोड़ रुपए मिले हैं।

**बीएसपी ने सिर्फ 20 हजार रुपए चंदा मिलने की घोषणा की:** देश की छठी राष्ट्रीय पार्टी बहुजन समाज पार्टी ने घोषणा की है कि उसे 2022-23 के दौरान 20 हजार रुपए से अधिक का कोई चंदा नहीं मिला। बीते 17 साल से बीएसपी यही घोषणा करती आ रही है।

## त्रिपुरा में देवी सरस्वती की आपत्तिजनक प्रतिमा पर बवाल

**टीम एक्शन इंडिया/अगरतला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने वसंतपंचमी के अवसर पर एक सरकारी कॉलेज परिसर में देवी सरस्वती की प्रतिमा को अभद्रता से प्रदर्शित करने पर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। आरएसएस से संबद्ध एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने लिचुबगान के सरकारी संस्थान में पूजा के लिए रखी गई देवी सरस्वती की आपत्तिजनक प्रतिमा के प्रति कड़ा विरोध दर्ज किया।




**दुष्परिणाम**

### राज्य के पास बचा केवल बीस साल का पानी

## धान पर जोर ने बढ़ाया पंजाब का जल संकट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**न्यूनतम** समर्थन मूल्य की संवैधानिक गारंटी के लिए फिर से शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों में सबसे आगे पंजाब में किसान धान में एमएसपी का लाभ उठाने में जितने आगे हैं, उतना ही कृषि के विविधीकरण में पीछे और पर्यावरण की चुनौतियों का सामना करने में ढुलमुल। पंजाब में कृषि और खासकर धान की विविधता का दायरा सीमित है। इस फसल का रकबा तेजी से बढ़ता जा रहा है- 1980 में 28.12 लाख हेक्टेयर से 2023 में 31.93 लाख हेक्टेयर तक, लेकिन इस दौरान बाकी सभी फसलें (गन्ना, कपास, गेहूं और



मक्का) उतनी ही तेजी से पीछे छूटती गईं।

**मक्के की खेती का रकबा घटा:** इसकी वजह जबरदस्त उर्वरक सब्सिडी, सस्ती बिजली (1970-1990 तक फ्लैट रेट और फिर पूरी तरह मुफ्त), 1967 से एमएसपी आधारित गारंटीड खरीद और सिंचाई में बेहिसाब पानी के इस्तेमाल की सुविधा है। आज हालत यह है कि 1980 में मक्के की खेती का जो रकबा 3.82 लाख

**बजट सत्र**

8 पंजाब में कृषि और खासकर धान की विविधता का दायरा सीमित है, फसल का रकबा तेजी से बढ़ता जा रहा

हेक्टेयर था, वह 2023 में घटकर एक लाख हेक्टेयर पर आ गया है।

यही कपास के मामले में भी हुआ है-43 साल में इसका क्षेत्रफल 6.49 लाख हेक्टेयर से 1.80 लाख हेक्टेयर पर आ गया। इसके गंभीर पर्यावरण दुष्परिणाम अनुभव किए जाने लगे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### भूतपूर्व सैनिकों के कोटे से आयुर्वेदिक विभाग में बैच के आधार पर फर्मासिस्ट के पंच पद के लिए करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

निदेशक आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश ने भूतपूर्व सैनिक श्रेणी आश्रित वर्ग से आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के बैच आधार पर पांच पद अधिसूचित किये हैं। जिनमें भूतपूर्व सैनिक आश्रित वर्ग सामान्य श्रेणी का एक, अनुसूचित जाति के दो, अनुसूचित जनजाति का एक पद तथा अन्य पिछड़ा वर्ग का भी एक पद शामिल है। इन पदों के लिए पात्र उम्मीदवार 5 मार्च तक ऑनलाइन माध्यम से रोजगार कार्यालय में नाम पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें।इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी उप रोजगार कार्यालय जोगिन्दर नगर सुमित ने बताया कि निदेशक आयुष विभाग द्वारा अधिसूचित भूतपूर्व सैनिक श्रेणी आश्रित वर्ग से आयुर्वेदिक फ ार्मासिस्ट के बैच आधार पर पांच पदों को भरा जाना है। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा तथा हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से आयुर्वेदिक फामेर्सी में दो वर्ष का डिप्लोमा अथवा बैचलर डिग्री का होना आवश्यक है। इन पदों के लिए आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष तक निर्धारित की गई है। अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार आयु में पांच वर्ष की छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए पात्र उम्मीदवार 5 मार्च, 2024 से पहले अपना नाम ऑनलाइन माध्यम से रोजगार कार्यालय जोगिन्दर नगर में पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें ताकि पात्र अभ्यर्थियों के नाम संबंधित विभाग को भेजे जा सकें। उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण करवाने में किसी भी आवेदक को किसी प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ता है तो वह किसी भी कार्य दिवस को रोजगार कार्यालय जोगिन्दर नगर से संपर्क कर सकते है।

### अखिल भारतीय पुलिस डयूटी मीट में हिमाचल



### प्रदेश पुलिस जवानों को पहले दो स्थान हासिल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

लखनऊ में आयोजित हो रही 67वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान 14 फ रवरी, 2024 को ऑफिस ऑटोमेशन इवेंट-2 में हिमाचल प्रदेश पुलिस के 6वीं आईआरबीएन के आरक्षी विजय कुमार, नंबर 731 ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसके अतिरिक्त मंगलवार को आयोजित कम्प्यूटर अवेयरनेस इवेंट-2 में एचपीआईपीएस पीटीसी डरोह के आरक्षी अमन कुमार ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक हासिल किया।यह मीट रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ द्वारा 12 फ रवरी से 16 फ रवरी, 2024 तक आयोजित की जा रही है। पूरे भारत में 36 लाख से अधिक पुलिस कर्मी कार्यरत हैं। ऑल इंडिया ड्यूटी मीट प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश पुलिस 161.88 अंकों के साथ पहले स्थान पर चल रहा है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दोनों पुलिस कर्मियों को उनकी सराहनीय उपलब्धियों और प्रदेश तथा पुलिस विभाग का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी है।

### सभी कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 56 का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

महाविद्यालय चंबा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 56 का आगाज 16 व 17 फ रवरी को पुलिस ग्राउंड बारगा में किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉक्टर विद्यासागर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन के लिए पूरी तैयारीयां कर ली गई है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में पहले दिन शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव रहेंगे एवं दूसरे दिन समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर विद्यासागर शर्मा होंगे। आयोजन का शुभारंभ समारोह 11 बजे किया जाएगा।

### 16 से 20 फरवरी तक रिज मैदान पर आयोजित होगा नाबार्ड समर्थ मेला

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड द्वारा "नाबार्ड समर्थ मेला 2024" का आयोजन 16 फरवरी से 20 फरवरी 2024 तक पदमदेव कॉम्प्लेक्स, द रिज, शिमला में करवाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा 16 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए नाबार्ड के सहायक महाप्रबन्धक विवेके आनंद ने बताया कि इस मेले में हिमाचल प्रदेश एवं अन्य राज्यों के ग्रामीण और दूर दराज इलाकों के स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों और किसान उत्पादक संगठनों द्वारा तैयार उत्पादों को प्रदर्शित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा प्रायोजित मेलों का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों और किसान उत्पादक संगठनों को प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी कलाकृतियों और अपने उत्पाद बेचने के लिए एक मंच देना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बहुत से कलाकार हैं जो अपने कामों को प्रदर्शित करने के लिए संघर्ष करते हैं और नाबार्ड उन्हें वह अवसर प्रदान करने की कोशिश करता है।

# अब मिड डे मील के बिलों व अनावश्यक रिकार्ड का झंझट खत्म

## प्रदेश सरकार की ओर से प्रधान शिक्षा सचिव ने प्रारंभिक शिक्षा विभाग को निर्देश जारी कर शिक्षकों को दी बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**प्रदेश** सरकार ने शिक्षा में गुणात्मकता लाने को लेकर अब प्रदेश सरकार ने मिड डे मील से संबंधित बिलों व अन्य अनावश्यक रिकॉर्ड बनाए रखने का झंझट खत्म कर दिया है। इसके अलावा रिर्सोस शेयरिंग कमेटी का गठन कर विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने को लेकर निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा सचिव के समक्ष जब प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से बात रखी गई तो शिक्षा सचिव के संज्ञान में आया कि स्कूल स्तर पर शिक्षकों द्वारा मिड डे मील के रजिस्टर व रिकॉर्ड को बनाए रखा जा रहा है, जिसको लेकर प्रारंभिक शिक्षा



निदेशालय व अन्य एजैंसी द्वारा कोई निर्देश जारी नहीं किए गए थे। मिड डे मील के अनावश्यक रिकॉर्ड बनाए रखने में शिक्षकों का बहुत सा समय बर्बाद है, जिसका सीधा असर विद्या?थयों की पढ़ाई पर हो रहा है। अब शिक्षकों को दैनिक मिड डे मील खिलाए जाने का रिकार्ड एमडीएम रजिस्टर में रखना होगा और सिर्फ मासिक मिड डे मील खिलाए जाने का

**निर्देश**

**8 रिर्सोस शेयरिंग कमेटी का गठन कर विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने को लेकर निर्देश जारी किए**

खर्चा विभाग को निर्धारित परफोर्मा पर उपलब्ध करवाना होगा। मिड डे मील बनाने के लिए दाल, नमक मसाले व अन्य सामग्री का बिल व वाऊचर रखने की जरुरत नहीं होगी। इपहले की भांति बनें रहेंगे कलस्टर, सिर्फ संसाधन होंगे शेयर इ शिक्षा विभाग ने कलस्टर सिस्टम को लेकर बीते 29 नवंबर व 7 दिसंबर को जारी किए गए दिशा-निर्देश निरस्त कर रिर्सोस शेयरिंग कमेटी के गठन को लेकर निर्देश जारी किए हैं। निदेशों में स्पस्ट किया है कि पूर्व में जो कलस्टर बनें हैं वे पहले की भांति सुचारु ढंग से संचालित होते रहेंगे। नए निदेशों के मुताबिक वरिष्ठ, उच्च व माध्यमिक पाठशालाओं के प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक व प्रभारी शिक्षक प्राथमिक स्कूलों के साथ कलस्टर बनाएंगे और वे सिर्फ संसाधनों के प्रयोग करने के कलस्टर के अध्यक्ष के रुप में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वहीं जेबीटी शिक्षकों की छुट्टी, डेपुटेशन, एसीआर व टूअर इत्यादि पूर्व की भांति संबंधित सीएचटी ही अनुमोदित करेंगे।

### जोगिंद्रनगर गैस उपभोक्ताओं को जरूरी सूचना

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/संगराय**

इन्डेन गैस जोगिंद्रनगर के उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि हमारी गैस की गाड़ी जब भी आपके एरिया में आती है तो उस दिन ही उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाइल से जो की आपकी गैस कॉपी के साथ गैस एजेंसी में रजिस्टर है उस मोबाइल नंबर से मोबाइल न 8454955555 पर मिस्ड कल करे मिस्ड कॉल करने के बाद अपने मोबाइल नंबर पर एक 4 अंक का नंबर डीएसी कोड आयेगा वो आपने अपनी गैस कापी में लिखना है और डिलीवरी मैंन को वो बताना है मिस्ड कॉल उसी दिन करनी है जब गैस आपके एरिया में आयेगी अगर किसी उपभोक्ता को अपना मोबाइल दर्ज करना हो तो वह गैस एजेंसी के फोन 01908224524 पर फोन करके अपना उपभोकता नंबर ० मोबाइल नंबर बता कर दर्ज कर सकता है या एजेंसी में जाकर भी दर्ज करवा सकता है।

### इनरव्हील क्लब ने जरूरतमंद लड़की को दिया शादी का सामान



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**समाज** की सेवा में अग्रणी संस्था इनरव्हील क्लब नाहन के द्वारा आज कबीरा होटल में ऑफि शियल चेयरमैन के विजिट का आयोजन किया गया। जिसमें जिला की अध्यक्ष सीमा कपूर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। क्लब के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में बढ़.चढकर हिस्सा लिया। इस दौरान कल्ब की ओर से नए प्रोजेक्ट लिए गए जिसमें एक जरूरतमंद लडकी को शादी का सामान दिया गया। जबकि दो जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन दी गई। तो वहीं जरूरतमंदों को 10 स्टीमर भी दिए गए। कल्ब द्वारा अडॉप्टेड स्कूल में बच्चों को जूते दिए गए और बसंत पंचमी के उपलक्ष पर लड्डू भी बांटे गए वहीं अनुभा गुप्ता ने रिपोर्ट में पिछले महीने में किए गए कार्यों का ब्योरा दिया। तो वहीं क्लब की प्रधान राखी अग्रवाल ने आने वाले समय में क्लब के द्वारा किए जाने वाले प्रोजेक्ट के बारे में बताया।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत होगी खेल प्रतियोगिताएं: ओमकांत ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी व एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार 23 फ रवरी को पड्डल मैदान में क्रिकेट और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेलों का आयोजन जिला युवा एवं खेल विभाग के तत्वाधान से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को उनके मताधिकार के बारे में जागरूक करना और उसके उपयोग के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा यह विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत मण्डी सदर के आईटीआई कोटली, राजकीय महाविद्यालय कोटली, आईटीआई मण्डी, राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मण्डी, डाइट और नोबल बीएड कालेज पण्डोह हिस्सा लेंगे। वालीबाल प्रतियोगिता महिलाओं के बीच आयोजित की जाएगी।

### कृत्रिम अंग लगाकर दिव्यांगों का जीवन आसान करेगा रोटरी क्लब: अजय ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/संगराय**

**बीते** दस सालों से परमार्थ का कार्य कर रहे रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर अब कृत्रिम हाथ, पैर लगाकर दिव्यांगों का जीवन भी आसान करने की कवायद शुरू कर दी है। उपमंडल में सडक हादसों में हाथ, पांव और टांग गंवा चुके ऐसे जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए रोटरी की इस अनूठी पहल को लागू कर बड़ी राहत प्रदान करने का निर्णय क्लब के पदाधिकारियों ने लिया है। बुधवार को वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी इंटरनैशनल के द्वारा हिमाचल और पंजाब राज्य में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के द्वारा कृत्रिम अंग भी दिव्यांगों को लगाने की पहल शुरू कर दी है। जिसमें हाथ, पांव, टांग और बाजू गंवा चुके लोगों को लाखों रुपए के



कृत्रिम अंग रोटरी के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएगें। रोटरी क्लब जोगेंद्रनगर के अध्यक्ष एनआर बरवाल, पूर्वाध्यक्ष राम लाल वालिया ने बताया कि जोगेंद्रनगर के मंगयाल गांव में एक तीस साल के व्यक्ति को कृत्रिम टांग भी लगवा दी गई है। नेरी लांगणा में एक हादसे में बाजू गंवाने वाले व्यक्ति को भी रोटरी के माध्यम से कृत्रिम अंग से राहत मिली है। इसी प्रकार बस हादसे में घायल चौंतड़ा पंचायत के 73 साल के राम लाल की टांग भी पीजीआई चंडीगढ़ में कट जाने के बाद उसे रोटरी के माध्यम से कृत्रिम टांग लगाने की पेशकश की गई है। वहीं द्रुब्बल पंचायत के दिव्यांग दान सिंह को भी परिजनों की स्वेच्छा के तहत दो कृत्रिम टांगें रोटरी अपने खर्चे पर लगाने पर हामी भरेगा। वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने बताया कि दिव्यांगों को कृत्रिम अंग विदेशों से इंपोर्ट कर निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाएगें। लाखों रूप्रये के उपकरण अमेरिका से भी रोटरी के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएगें। बताया कि रोटरी इंटरनैशनल के कृत्रिम अंग प्रोजेक्ट के तहत यह सुविधा जोगेंद्रनगर उपमंडल के दिव्यांगों को उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए दिव्यांगों का पंजीकरण भी लक्ष्मी बाजार स्थित रोटरी के कार्यालय में शुरू कर दिया गया है।

### सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर सर्व देवता समिति ने जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

मंडी की बेटी और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर सर्व देवता समिति ने शोक व्यक्त किया है। सर्व देवता समिति के सदस्यों ने एक बैठक आयोजित कर स्वर्गीय सिम्मी अग्निहोत्री की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और उनको श्रद्धांजलि दी। देवता समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा ने कहा कि सिम्मी अग्निहोत्री का एकदम से ऐसे संसार से विदा होना शिक्षा जगत के साथ-साथ मंडी के लिए भी झटका है। उनका निवास मंडी शहर में है तथा शिक्षा भी यहीं से पूरी हुई। बतौर प्रोफेसर वह बेहतरीन कार्य कर रही थी तथा मंडी में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि में भी आती थी।

### एथलेटिक टीम सिरमौर से अहमदाबाद गुजरात के लिए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

अहमदाबाद गुजरात में 16 से 18 फ रवरी तक होने जा रही राष्ट्रीय स्तरीय 19वीं निडजेम चैंपियनशिप के लिए नाहन से सिरमौर की 13 सदस्यों की टीम रवाना हुई। इस दौरान जिला एथलेटिक एसोसिएशन के पदाधिकारिओं ने टीम को शुभकामनाएं दी। सिरमौर जिला एथलेटिक एसोसिएशन के महासचिव विजय यादव ने बताया कि एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिय द्वारा जूनियर बच्चों में प्रतिभा तलाशने के मकसद से यह प्रतियोगिता करवाई जाती है। यह प्रतियोगिता नैशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जुनियर एथलेटिक्स मीट निडजाम के नाम से जानी जाती है। उन्होंने



बताया कि जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में 25 जनवरी को सब जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप करवाई गई थी जिसमें दर्जनों खिलाडि?ों ने हिस्सा लिया था। इस चैंपियनशिप से इन 13 खिलाडि?ों का चयन किया गया है जिसमें 6 लड़कियां और 7 लडके शामिल है। आज टीम मैनेजर हिना खान और कोच धर्मेंद्र चौधरी की देखरेख में ये बच्चे अहमदाबाद के लिए रवाना हुए।अहमदाबाद की गुजरात यूनिवर्सिटी में 16 से 18 फरवरी तक किस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से 600 से अधिक जिलों के करीब 10000 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन मे अनुकरणीय प्रदर्शन किया



**टीम एक्षन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में उसे वक्त खुशी की लहर दौड़ गई जब जीईई मेन का रिजल्ट घोषित हुआ। स्कूल के छात्रों ने अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुएए डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के छात्रों ने एक बार फि र अपनी योग्यता साबित की है और संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2024 सत्र 1 जनवरी 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके स्कूल को गौरवान्वित किया है। नंदिका बातिश, कलश, तन्मय, काव्या और सुजल ने उपर्युक्त प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। नंदिका बातिश ने 95 प्रतिशत, कलश ने 94.21 प्रतिशत, तन्मय ने 90 प्रतिशत, सुजल ने 89 प्रतिशत और काव्या जसवाल ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और माता-पिता और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को जेईई एडवांस में उनकी सफलता के लिए बहुत बहुत बधाई दी।

### एलपीजी के सुरक्षित इस्तेमाल करने को लेकर दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

ग्राम पंचायत मोरसु सुल्तानी में एलपीजी इस्तेमाल के सुरक्षित उपाय के बारे में जानकारी देते हुए संजीव ढडवाल ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं गैस का इस्तेमाल करने के बाद लापरवाही करती हैं जिसका उन्हें गंभीर परिणाम उठने पढ़ सकते हैं



जैसे की गैस आग लगा सिलेंडर का फट जाना आदि। इन सब को देखते हुए और महिलाओं को जागरूक करने को लेकर हम समय-समय पर गांव गांव जाकर जागरूक कैंप का आयोजन करते रहते हैं ताकि एल.पीजी इस्तेमाल के सुरक्षित उपाय के बारे में लोगों को जानकारी दी जा सके।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बगड़ोली
### विकास खंड फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.

प्रतिलिपि संख्या 08 अध्यक्षता श्री सुशील कुमार दिनांक 07/02/2024

विषय:- वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे।

पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम बगड़ोली में वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए क्रशर रेत (प्रति क्युबिक मीटर), क्रशर बजरी (प्रति क्युबिक मीटर), पत्थर (प्रति क्युबिक मीटर), शटरिंग, मिक्सचर मशीन प्रतिदिन, वाटर टैंक प्रतिदिन, सीमेंट ढुलाई फतेहपुर से कार्यस्थल तक, पक्की ईंट प्रति हजार, सीटिंग बेंच (सीमेंटेड, लोहा) सरिया जीएमएम से 16 एमएम, पीवीसी पाईप 2 इंच से 12 इंच तक सीमेंटड पाइप विभिन्न माप, लकड़ी व लोहा चौगाठ, खिड़की, दरवाजा सीमेंटड साइन बोर्ड, फ्लोर टाइल ग्रिल, झुले, ओपन एयर जिम Equioment, वाटर कुलर क्रेट वायर अत: पंचायत के उपयोग की जाने वाली वस्तुएं आदि की आपूर्ति हेतु जो भी वर्ग इच्छुक है दिनांक 21/02/2024 तक अपनी निविदाएं सील बंद लिफाफे में अपने आधार कार्ड, बैंक पास बुक व जीएसटी नं की छाया प्रति सहित कार्यालय ग्राम पंचायत बगड़ोली मे भेजे। अगर मैटिरियल की गुणवता सही नहीं पाई जाती है या समय पर कार्यस्थल पर नहीं पहुंचाया जाता, जिस कारण कार्य मे रूकावट पैदा होती है तो सप्लायर को पंचायत द्वारा बिना नोटिस दिए किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार होगा। सप्लायर के द्वारा जीएटसी नं. होना जरूरी है।

निविदाएं दिनांक 22/02/2024 को सुबह 11 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बगड़ोली में उपस्थित कमेटी सदस्यों द्वारा खोली जायेगी। सप्लायर मैटिरियल के साथ एम फार्म भी उपलब्ध करवाएगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए रखने व निरस्त करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित है।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत बगड़ोली
विकास खंड फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.


# सरकार में पीड़ित विधायक सुनेंगे अपनी अंतरात्मा की आवाज: हर्ष

## अभिषेक मनु सिंघवी को उम्मीदवार बनाना अपने आप में ही विरोधाभास: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए विपक्ष की तरफ से हर्ष महाजन को उम्मीदवार बनाया गया है और भाजपा जीत को लेकर भी काफी आश्वस्त नजर आ रही है। हर्ष महाजन ने नेता विपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए विधान सभा सचिव को अपना नामांकन दाखिल किया और जीत का दावा किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पार्टी हाई कमान के साथ चर्चा के बाद हर्ष महाजन को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है और भाजपा सोच समझकर ही चुनाव में उम्मीदवार उतरती है दूसरी तरफ कांग्रेस ने अभिषेक मनु सिंघवी को उम्मीदवार बनाया है जो अपने आप में ही विरोधाभास है क्योंकि वाटर सेस को लेकर सिंघवी सरकार की तरफ से कोर्ट में वकील है



उन्हें राज्यसभा के उम्मीदवार बनाया जाना सही नहीं है। भाजपा के पास बहुमत नही है लेकिन सरकार में विधायक पीड़ा में है और ऐसे में विधायक अपने अंतरात्मा की आवाज सुन कर वोट करेंगे और हर्ष महाजन जीत कर आयेंगे। वहीं हर्ष महाजन भी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आए। हर्ष महाजन ने उम्मीदवार बनाएं जाने पर पार्टी हाई कमान का धन्यवाद किया और जीत का दावा किया। साथ ही सभी विधायक के संपर्क में होने के बात कही और

**फंसा पेंच**

**8 हर्ष ने नेता विपक्ष जयराम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए विधान सभा सचिव को अपना नामांकन दाखिल किया**

27 फरवरी को इसके खुलासे का दावा किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव लडना सभी का अधिकार है और इसी के नाते भाजपा ने हर्ष महाजन को चुनाव में उतारा है। हार और जीत अलग विषय है लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत भाजपा ने चुनाव लडने का निर्णय लिया है और जीत के लिए ही भाजपा चुनाव में उतरती है।

# उदयपुर में 19, केलंग में 24 को स्नोफेस्टिबल का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला लाहौल स्पीति के उपमंडल उदयपुर में 19 फरवरी तथा जिला मुख्यालय केलंग में 24 फरवरी को पुलिस मैदान केलंग में स्नोफेस्टिबल का आयोजन किया जाऐगा। यह जानकारी उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि स्नो फेस्टीबल का आगाज मृकुला माता मंदिर से शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाऐगा। यह यात्रा लता ठाकुर मेमोरियल मैदान तक की जाऐगी। उन्होंने बताया कि कबाईली लोग कला व लोक संस्कृति तथा घाटी में



मनाऐ जाने वाले पारम्परिक उत्सवों का प्रचार-प्रसार करने तथा उन उत्सवों को संरक्षण प्रदान करने साहसिक खेल पर्यटन धार्मिक पर्यटन एतिहासिक पर्यटन तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्नो.फेस्टिबल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए उस राष्ट्र की समृद्व संस्कृति का उत्थान तथा संरक्षण जरूरी है। विभिन्न मेलों त्यौहारों एवं उत्सवों

**शुभारंभ**

8 स्नो फेस्टीबल का आगाज मृकुला माता मंदिर से शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाऐगा।

से हमें अपने देश प्रदेश की सांस्कृति के दर्शन करने का मौका मिलता है। स्नो फेस्टिबल में माध्म्य से घाटी के विभिन्न इलाकों में मनाये जाने वाले सभी त्यौहारों को जानने का अवसर मिलेगा वहीं पर्यटकों को भी हमारी जन-जातीय लोक संस्कृतिक की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस त्यौहार में पारम्परिक सांस्कृति को पुर्नजीवित करने का प्रयास किया जाऐगा। इस उत्सव में पारम्परिक खेलों के साथ आधुनिक शरद खेलों को भी एकीकृत किया जाएगा जिसमें तीर अंदाजी छोलो तथा बर्फ शिल्प जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा बालीवाल बेडमिंटन हस्तकारधा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग तथा आयुर्वेदिक विभाग के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाऐगा तथा स्नोफेस्टिबल के दौरान बेबी-शौ तथा स्वास्थ्य बालक.बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया जाऐगा। मेले के दौरान विभिन्न महिला मंडल तथा युवक मंडलों के माध्य्म से स्थानीय व्यनजनों की आयोजन किया जाऐगा तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रर्दशनी भी लगाई जाऐगी इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक किया जाऐगा। उन्होंने बताया कि स्नो फेस्टिबल का समापन्न समारोह स्नो मेराथॉन के साथ किया जाऐगा।

# पति के साथ दफन होने के लिए 38 साल तक किया मौत का इंतजार



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**वैलेंटाइन डे** के मौके पर ऐसे अमर प्रेम की कहानी जहां एक महिला ने अपने पति के साथ दफन होने के लिए करीब 38 साल तक मौत का इंतजार किया। ऐतिहासिक शहर नाहन से जुड़ी हुई है यह एक ऐसी अद्भूत व अमर प्रेम कहानी जो आज अपने आप में मिसाल है। नाहन में रियासतकाल में एक अंग्रेज अफसर की पत्नी ने अपने पति की बगल में दफन होने के लिए 38 साल मौत का लंबा इंतजार किया। दरअसल यहां जिक्र लेडी लूसिया पियरसाल का है। रियासतकाल में लूसिया अपने पति डाण इडविन पियरसाल के साथ यहां पहुंची थी। डा. इडविन पियरसाल का निधन हो गया महाराजा ने डा. पियरसाल को मिलिटरी ऑनर के साथ ऐतिहासिक विला राऊंड के उत्तरी हिस्से में दफन किया और यह जगह पियरसाल ने खुद चुनी थी और कहा था उन्हें यहां दफनाया जाए। उस वक्त लूसिया 49 साल की थीं। लूसिया ने इच्छा जताई कि उनको भी उनके पति की कब्र के साथ ही दफन किया जाए। नाहन में जानकारी के अनुसार डा. पियरसाल ने महाराजा के पास बतौर चिकित्सा अधिकरी अपनी सेवाएं दीं और 19 नवंबर 1883 में डा. इडविन का 50 साल की आयु में इंतकाल हो गया।

**जिम्मेदारी**

8 ऐतिहासिक शहर नाहन से जुड़ी हुई है यह एक ऐसी अद्भूत व अमर प्रेम कहानी जो आज अपने आप में मिसाल

उन्होंने बताया कि परिवार के लोग लूसिया को वापिस घर इंग्लेंड ले जाने चाहते थे मगर पति की मौत के बाद लूसिया वापस इंगलैंड नहीं गईं। अपने अन्य परिवार के सदस्यों को भी छोड़ दिया। लूसिया अपने पति डा. पियरसाल से बेपनाह मोहब्बत करती थीं। ऐसे में लूसिया ने पति की बगल में दफन होने के लिए 38 साल मौत का इंतजार किया। 19 अक्तूबर 1921 को वह घड़ी आई जब लूसिया का इंतजार खत्म हुआ और अपने पति को याद करते हुए उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दियाद्य लूसिया की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए महाराजा ने सम्मान सहित लूसिया को भी उसके पति डा. पियरसाल की कब्र की बगल में दफनाया। आज भी विला राऊंड स्थित कैथोलिक कब्रगाह में इस पियरसाल दंपति के अमर प्रेम की कहानी बयां करती वास्तुकला से परिपूर्ण कब्रें आने-जाने वालों को आकर्षित करती है।

# पंचवक्त्र पर महादेव पर जग्गू मामा का गाया भजन किया रिलीज

**टीम एक्शन इंडिया /मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी में ब्यास नदी व सुकेती के संगम पर स्थित प्राचीन मंदिर पंचवक्त्र महादेव जो बीते साल ब्यास नदी की बाढ़ में दो दिन तक डूबे रहने से देश विदेश में चर्चित हो गया है की महिमा पर लोक गायक जगदीश सनवाल, जग्गू मामा द्वारा गाया गए भजन को बुधवार को मंदिर परिसर में ही विधिवत रिलीज किया गया। यह उनकी 51 एलबम है। इस भजन व इसके पोस्टर को हिमाचल गौरव बीरबल शर्मा जो हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी के संस्थापक भी हैं ने धर्मपुर के एक स्कूल से शैक्षणिक भ्रमण पर आई बालिकाओं व अन्य गणमान्य की मौजूदगी में मंदिर परिसर में ही रिलीज किया। वर्मा फि ल्म प्रोडक्शन के बैनर तले डायरेक्टर आर के वर्मा के द्वारा किया गया फि ल्मांकन एलबम पंचवक्त्र महादेव के सुंदर भजन को लोक गायक जगदीश सनवाल ने अपने मधुर स्वरों में आवाज दी है जिसका संगीत

**जारी किया**

8 जग्गू मामा द्वारा गाया गए भजन को बुधवार को मंदिर परिसर में ही विधिवत रिलीज किया गया

चन्द्रमोहन ने दिया है, जगदीश सनवाल द्वारा गाया गया पंचवक्त्र महादेव जी का पहला भजन आज उनके यू ट्यूब चैनल जगदीश सनवाल के उपर रिलीज किया गया। जगदीश सनवाल उर्फ जग्गू मामा अपने जिला मंडी के लिए बहुत सारे पहाड़ी गाने व भेंटे गा चुके हैं। पंचवक्त्र महादेव जी के भजन सहित इनकी ये 51 वीं एल्बम है। जग्गू मामा से बात करने पर पता चला है कि मंडी छोटी काशी में पंचमुखी भोले नाथ जी का अपना ही स्थान है अंतिम भारी भरकम बरसात के दिनों में व्यास दरिया का रौद्र रूप भी इस मंदिर का कुछ नही बिगाड़ सका।

# एसजेवीएन के निदेशक (वित्त), एके सिंह ने गुजरात के मुख्यमंत्री से भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला /चमन शर्मा**
**एसजेवीएन** के निदेशक वित्त, अखिलेश्वर सिंह ने अहमदाबाद में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से भेंट की। बैठक के दौरान, गुजरात में फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं, कैनाल टॉप सोलर परियोजनाओं, पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास के अवसरों पर चर्चा की गई। बैठक में हाइब्रिड और ग्रीन हाइड्रोजन नवीकरणीय परियोजनाओं के विकास के लिए सरकारी भूमि के आबंटन के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। सिंह ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के संयोजन के साथ अपनी जलविद्युत परियोजनाओं के माध्यम से चौबीसों घंटे ऊर्जा प्रदान करने के लिए राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा उद्यमों में निवेश करने में एसजेवीएन की गहरी रुचि से अवगत कराया। अखिलेश्वर सिंह



**निवेश पर चर्चा**

8 राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा उद्यमों में निवेश करने में एसजेवीएन की गहरी रुचि से अवगत कराया

ने ममता वर्मा, प्रधान सचिव, ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल्स, गुजरात सरकारसे भी भेंट की।उन्होंने प्रधान सचिव को गुजरात में एसजेवीएन द्वारा विकासाधीन नवीकरणीय परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। सिंह ने कहा कि वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 500 गीगावॉट विद्युत उत्पादन के भारत सरकार के लक्ष्य के अनुरूप, एसजेवीएन ने वर्ष 2030 तक 25,000 मेगावाट तथा वर्ष 2040 तक 50,000 मेगावाट स्थापित क्षमता के साझा विजन की परिकल्पना करते हुए अपने बिजनेस मॉडल को पुनःसंरचित किया है।

# अंब कॉलेज में बच्चों को आपदा प्रबंधन बारे किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना की प्रशिक्षण समन्वयक सुमन चाहल ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उदेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए युवा स्वयंसेवकों को आपदा की स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना है, ताकि प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्यों को सही समय पर अमलीजामा पहनाया जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के करीब 60 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने भी विद्यार्थियों को बताया कि यदि कहीं पर भी कोई घटना घटित होती है, तो एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते आपको धैर्य पूर्वक सहायता करनी चाहिए।

# हिमाचल से राज्यसभा के लिए अभिषेक मनु सिंघवी ने भरा नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को चौथी बार राज्यसभा भेजने के लिए हिमाचल से प्रत्याशी बनाया है। सिंघवी ने विधानसभा सचिवालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह मौजूद रही। भाजपा ने नड्डा को गुजरात से पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। नड्डा का हिमाचल से बतौर राज्यसभा सांसद छह साल का कार्यकाल 2



अप्रैल को पूरा हो रहा है। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा की उनका हिमाचल से नाता है। कांग्रेस पार्टी ने उनको यहाँ से राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है इसके लिए वह आलाकमान का धन्यवाद करते हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के उम्मीदवार की जीत का दावा करते हुए कहा की इससे पहले भी विपक्ष की तरफ से नामांकन पत्र भरे जाते रहे हैं।

# संतोषगढ़ में अज्ञात स्कूटी की टक्कर से व्यक्ति घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
सदर थाना ऊना के तहत संतोषगढ़ में अज्ञात स्कूटी की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हुआ है। घायल व्यक्ति का क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जसवंत सिंह निवासी संतोषगढ़ ने बताया कि मेरा भाई रणधीर सिंह साइकिल पर किसी से मिलने घर से निकला था। वीरभद्र चौंक संतोषगढ़ के समीप एक स्कूटी ने साइकिल को टक्कर मार मौके से फरार हो गया। हादसे में रणधीर सिंह घायल हो गया।

# डोडरा-क्वार से दो मरीजों को एयरलिफ्ट कर आईजीएमसी पहुंचाया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई में प्रदेश सरकार मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को विशेष अधिमान देते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के निदेशों की अनुपालना करते हुए आज जिला शिमला के दुर्गम डोडरा-क्वार क्षेत्र से दो मरीजों को इलाज के लिए हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान कर शिमला पहुंचाया गया। इन्हें तत्काल चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी। चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए छह वर्षीय श्रद्धा और 54 वर्षीय प्रमोद कुमार को एयरलिफ्ट किया गया। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर आज प्रातः 8:30 बजे डोडरा.क्वार से



रवाना हुआ और दोनों मरीजों और उनके तीमारदारों को लेकर 9:10 बजे अनाडेल पहुंचा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के आदेशानुसार कार्रवाई करते हुए एडीएम प्रोटोकॉल और तहसीलदार सहित अधिकारियों ने तुरंत मरीजों को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में स्थानांतरित किया और यहां उपचार के लिए उन्हें भर्ती करवाया गया।

रिपोर्ट के अनुसार दोनों मरीजों की हालत स्थिर है। इनमें से प्रमोद कुमार अस्थमा से पीड़ित हैं।श्रद्धा की मां ने आभार व्यक्त करते हुए इस आपातकालीन स्थिति के दौरान उनकी बच्ची को एयरलिफ्ट करने में त्वरित कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया। उन्होंने

**राहत**

8 प्रदेश सरकार मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को विशेष अधिमान देते हुए लोगों को राहत पहुंचा रहा

कहा कि मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के फलस्वरूप ही उनकी बेटी को अपने हेलीकॉप्टर के माध्यम से आईजीएमसी पहुंचाया गया।मुख्यमंत्री के त्वरित प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह कदम पीड़ित मानवता के प्रति ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की चिंता को दशार्ता है और संकट की इस घड़ी में उनका व्यक्तिगत हस्तक्षेप सराहनीय है।

# बाथड़ी में अवैध शराब सहित एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना टाहलीवाल के तहत पुलिस ने बाथड़ी में एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के मुताबिक बुधवार रात्रि को टाहलीवाल पुलिस बाथड़ी में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने राजेंद्र प्रशाद निवासी मेरठ, यूपी की तालाशी ली। जिससे पुलिस ने 6 अवैध शराब की बोतलें बरामद की। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने राजेंद्र प्रशाद के खिलाफ मामला आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का गहराई से अध्ययन करें'

**आदेश**

8 नोडल अधिकारियों को उनके कार्य व कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने गत दिवस को आगामी लोकसभा चुनाव के लिये नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि वे भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का गहराई से अध्ययन करें ताकि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। उन्होंने नोडल



अधिकारियों को उनके कार्य व कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद उनका कार्य आरम्भ हो जायेगा। उन्होंने नोडल अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनसे सम्बंधित कार्य व कर्तव्यों को लेकर जारी अधिसूचनाओं व दिशानिदेर्शों का अध्ययन करने के निर्देश दिए तथा उसके अनुरूप कार्य व कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा।उन्होंने नोडल अधिकारियों से अपने अपने से सम्बंधित कार्य की तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिये। बैठक की कार्रवाई का संचालन तहसीलदार निर्वाचन वीना कुमारी ने किया। उन्होंने इस दौरान नोडल अधिकारियों के दायित्व और कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्विनी कुमार सहित आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैनात विभिन्न नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम ने आशा कार्यकर्ताओं के साथ की विशेष बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**जिला** परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने गुरुवार को जिला परिषद के वख्तपुर वार्ड के तहत विभिन्न पंचायतों से संबंधित आशा कार्यकर्ताओं के साथ जिला परिषद कार्यालय के सभागार में आयोजित एक विशेष बैठक की अध्यक्षता की। डा. नीलम कुमारी ने बैठक में पंचायत वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की फीडबैक लेते हुए आशा कार्यकर्ताओं से अपने नाम के अनुरूप लोगों में विभागीय योजनाओं का कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाने का आग्रह किया। डॉ. नीलम



कुमारी ने कहा कि आशा कार्यकताओं से मिली फीडबैक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के तहत आधारभूत संरचनाओं एवं संसाधनों को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण होगी।

आशा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को सहारा जैसी महत्वाकांक्षी योजना से मिलने वाले लाभ को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने को निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य उप केंद्र स्तर पर सहारा योजना के लाभार्थियों की सूची उपलब्ध करवाने के साथ किसी भी कैटेगरी में शामिल नहीं होने वाले गरीब परिवारों के गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों की सूची उपलब्ध करवाने को भी कहा।

# उच्च विद्यालय अखाड़ा में जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला रैडक्रास कुल्लू के अंतर्गत भुन्तर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अखाड़ा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों व स्कूल के बच्चों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। मनोवैज्ञानिक दिव्या भारद्वाज ने कहा कि नशा एक बिमारी है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है।नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योगा, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिलाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है। मनोवैज्ञानिक दिव्या भारद्वाज ने कहा कि भून्तर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार वाहय रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। निःशुल्क दवाईयां दी जाती है तथा मनोविज्ञानिकध्काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है।

# पैराग्लाइडिंग तकनीकी टीम का सफल ट्रायल

**रिपोर्ट**

8 पैराग्लाइडिंग की इन नए स्थलों की विस्तृत रिपोर्ट विभाग को स्वीकृति हेतु भेजी जा रही है

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
जिला चंबा के अनछुए पर्यटन स्थलों को उजागर करने के दृष्टिगत पर्यटन व्यवसाय को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए जिला पर्यटन विकास विभाग प्रयासरत है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा की अगुवाई में तकनीकी टीम द्वारा मदराणी खजियार पैराग्लाइडिंग टेकऑफ



स्थल और जोत-बांगल लैंडिंग साइट पर तकनीकी टीम द्वारा दौरा किया गया इन स्थलों पर पैराग्लाइडिंग का सफ ल ट्रायल किया गया। पैराग्लाइडिंग साइट का तहत तकनीकी टीम द्वारा एचपी एयरो स्पोर्ट्स नियम 2022 के निरीक्षण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि जिला चंबा में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के मकसद से साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है
लिहाजा यह दोनों पैराग्लाइडिंग स्थलों पर सफ लतापूर्वक तकनीकी टीम द्वारा आज ट्रायल किया गया और यह स्थल पैराग्लाइडिंग के लिए टेक ऑफ व लैंडिंग के लिए उपयुक्त पाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग की इन नए स्थलों की विस्तृत रिपोर्ट विभाग को स्वीकृति हेतु भेजी जा रही है और जल्द ही इन मनोरम स्थलों पर भी गतिविधियां आयोजित होंगी।

# मोहन लाल बने भाजपा प्रकोष्ठ के सह संयोजक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
भारतीय जनता पार्टी ने व्यापार प्रकोष्ट जिला ऊना की कार्यकारिणी जिला के भाजपा नेताओं से विचार करने के बाद घोषित की। इसमें भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ट जिला ऊना का सह संयोजक मोहन लाल को बनाया गया है। मोहन लाल ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता विपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, भाजपा नेता प्रो. राम कुमार व जिला भाजपा अध्यक्ष बलवीर चौधरी का आभार जताया है।



**जिम्मेवारी**

8 भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ट जिला ऊना का सह संयोजक मोहन लाल को बनाया गया है

# बजट सत्र में दूसरे दिन विपक्ष ने सदन से किया वॉकआउट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में दूसरे दिन विपक्ष ने सदन से वाक आउट कर दिया। मामला सोलन व बिलासपुर जिला की सीमा पर स्थित अली खडड में उपजे विवाद का था जिसपर विपक्ष ने हंगामा किया और विधायक नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए। इस मामले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि उन्हें विपक्ष की ओर से सूचना मिली है जिसे शुक्रवार को लिस्ट किया जाएगा। इसपर सरकार की ओर से जवाब मांगा गया है। सरकार शुक्रवार को इसपर अपना जवाब देगी। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से विपक्ष के विधायक लोगों पर की गई एफआईआर को वापस लेने के संबंध में मांग कर रहे थे मगर वहां से कोई रिस्पासं नहीं मिलने पर





विधायकों ने नारेबाजी की और वह सदन से बाहर चले गए। सदन में प्रश्नकाल के बाद भजपा के विधायक रणधीर शर्मा ने प्वाइंट ऑफ ऑडर में इस मामले को उठाते हुए कहा कि नियम 62 के तहत उन्होंने चर्चा मांगी थी, लेकिन इसकी परमिशन नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि अली खडड से पानी की स्कीम बनाने का जनता विरोध कर रही है और जब लोग बात करने जा रहे थे तो उन्हें रोका गया। पुलिस ने बल प्रयोग किया लाठीचार्च किया। अनेकों लोग इसमें घायल हुए हैं। रणधीर ने कहा कि अगर लोकतंत्र के अंदर आंदोलन करना गुनाह है तो हम कहां जाए। लाठीचार्ज के बाद शिकायत दी पुलिस को उनकी एफआईआर नहीं हुई, उलटा उनपर एफ आईआर दर्ज हुई। जिसमें डकैती, जनता को भडकाने की धाराएं लगाई हैं। यह मुद्दा 22 दिन से चल रहा है। प्लानिंग की बैठक में सीएम से मुददा उठाया। 31 जनवरी को सीएम से मिले। पहली फ रवरी को कमेटी बनी। उन्होंने कहा कि सीएम के कहने के बाद भी काम नहीं रोका गया आखिर कौन सुपर सीएम है यह समझ नहीं आ रहा। उनका आरोप था कि सीएम व डिप्टी सीएम के कहने के बाद भी यहां पर काम नहीं रोका गया जिससे जनता भडक उठी। इसमें सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी की रिपोर्ट आने का भी इंतजार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जब कोलडैम से पानी उठा सकते हैं तो जबरन अली खडड से पानी क्यों उठाया जा रहा है। पुलिस की शरण में यहां पर काम चला हुआ है। उन्होंने कहा कि हाईडोलोजिस्ट की रिपोर्ट के बिना काम चल रहा है। खड्ड पर श्री नयना देवी के लिए 24 पीने और 7 सिंचाई की योजनाएं चल रही है। कई घराट चल रहे हैं वह भी बंद हो जाएंगे। शर्मा ने कहा कि गर्मियों में यहां पर पानी की दिक्कतें आएगी। लोगों को लगता है कि अंबुजा के लिए पानी जा रहा है, हमारा कहना है कि कोलडैम से पानी उठाएं, अली खड्ड से ही पानी क्यों उठाना है। यह जिदद क्यों पकडी गई है यह समझ से परे है। उन्होंने लोगों व उनपर की गई एफआईआर को तुरंत रदद करने और स्कीम का काम रोकने की मांग उठाई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि यह जरूरी विषय है। सरकार के पास आज प्रस्ताव आया है जिसपर शुक्रवार को जवाब दिया जाएगा। उन्होंने अध्यक्ष से निवेदन किया कि इसे लिस्ट किया जाए। इसका जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएम ने यहां पर काम रोकने को कह दिया है जिसके बाद भी यहां काम किया गया है तो वह ठेकेदार ने मनमर्जी से किया जिसपर कार्रवाई की जाएगी। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि इस मामले को शुक्रवार को लाया जाएगा जिसपर विस्तार से चर्चा होगी। तब तक इसका जवाब भी आ जाएगा। इसके बाद विपक्ष ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी और वह सदन से बाहर चले गए।

## न्यूज फ्लैश

### प्रो. सिम्मी के निधन पर जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण संगठन के कर्मचारियों ने डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री से उनके निवास स्थान मिल प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक जताया। प्रधान भुपेंद्र सिंह कटोच की अध्यक्षता में कर्मचारियों ने स्वर्गीय डा. सिम्मी अग्निहोत्री की फोटो पर पुष्प अर्पित करके भावपूर्ण श्रंद्धाजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पठानकोट महासचिव रघुवीर सिंह, देसराज पठानकोट, महासचिव धर्मशाला उत्तम सिंह, इकबाल सिंह, प्रधान धर्मशाला रमेश वालिया, करतार सिंह, मनोज कुमार, ऊना कल्याण संगठन से सहदेव अध्यक्ष सतपाल शर्मा, महासचिव जगदीश चंद, रामनाथ, चनण सिंह, तेलू राम, हरमेश सिंह, गिरधारी लाल, छोटू राम, सुरेश चंद व त्रिलोक चंद सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जोह के रोशन लाल शर्मा के निधन पर शोक जताया

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

क्षेत्र के गांव जोह के रोशन लाल शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। जिससे समूचे गांव में शोक लहर है। विदित रहे कि रोशन लाल शर्मा सोशल वर्कर थे और हमेशा दीन दु:खियों के लिए आवाज बुलंद करते रहे। उनके निधन पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, स्थानीय विधायक चैतन्य शर्मा, पूर्व विधायक एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष बलबीर सिंह, पूर्व विधायक राकेश कालिया एवं राजेश ठाकुर, जिला पार्षद सुशील कालिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजू ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही मृतक की आत्मा हेतु शान्ति की प्रार्थना की है।

### बजट सत्र के दूसरे दिन पीडब्ल्यूडी में कार्यरत मल्टी टास्क वर्कर्ज ने विधानसभा के बाहर रोया अपना दुखड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

लोक निर्माण विभाग में कार्यरत मल्टी टास्क वर्कर्ज प्रदेश भर से अपनी मांगों को लेकर आज शिमला में जुटे। बजट सत्र के दूसरे दिन मल्टी टास्क वर्कर ने चौड़ा मैदान में अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी उनसे मुलाकात की और उनके मसले को मुख्यमंत्री के समक्ष ले जाने की बात कही। मल्टी टास्क वर्कर्ज का कहना है कि वे पूरे 8 घंटे सेवाएं दे रहे हैं, जिसके बदले सरकार 150 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मात्र 4500 रुपए मासिक दे रही है, जोकि बहुत कम है। इस कारण परिवार का पालन-पोषण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार उन्हें दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बनाए। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान धर्मशाला में मुख्यमंत्री के समझ अपनी बात रखी थी आज फिर वह अपनी मांग को लेकर यहां आए हैं। सरकार को उनकी पीड़ा समझ कर उनके बारे में सोचना चाहिए। वही इस दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इनकी मांगे काफी हद तक जायज है। इन्हें जितना न्यूनतम वेतन दिया जाना चाहिए उतना नहीं मिल रहा है। आपदा में भी इन्होंने बेहतरीन काम किया है। वह बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। आर्थिक बदहाली के बावजूद वेतन को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने सीमित संख्या में स्लाविया स्टाइल एडीशन लॉन्च किया

**मंडी:** ,दो वर्षों में एक लाख बिक्री के बाद स्कोडा इंडिया ने सर्वाधिक बिक्री वाली और 5स्टार सेफ व क्रैश टेस्ट में पास सेडान स्लाविया स्टाइल एडीशन को लॉन्च किया है ।स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक,पेट्र जनेबा ने कहा,स्लाविया स्टाइल एडीशन हमारे भरोसेमंद ग्राहकों की जरूरतों को सुनने व समझने और उन्हें बेहद खास व हाई वैल्यू वाले प्रॉडक्ट देने की मिसाल है ।यह हमारे बेहद खास ग्राहकों के लिए बेहद सीमित संख्या में उपलब्ध होगा ।हालांकि यह पूरे भारत में हमारे 200 से अधिक बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध होगा ।स्टाइल एडीशन को स्लाविया के टॉप ऑफ द लाइन स्टाइल वैरिएंट के ऊपर रखा गया है ।यह डुअल डैश कैमरा जैसी सुविधाओं के साथ आता है जिसमें ब्लैक आउट बी पिलर, ब्लैक मिरर कवर और ब्लैक रूफ फॉइल पर एडीशन बैज लगा हुआ है ।वहीं कार के भीतर ग्राहकों का स्वागत स्लाविया ब्रांडेड स्कफ प्लेट द्वारा किया जाता है जिसके स्टीयरिंग व्हील पर एडिशन बैज लगा हुआ है ।कार से बाहर निकलने पर ब्रांड लोगो प्रोजेक्शन के साथ एक पुडल लैंप दिखाई देगा ।स्कोडा ऑटो इंडिया स्लाविया के स्टाइल एडीशन की 500 इकाइयां लॉन्च करेगी ।सभी 500 कारें विशेष रूप से 1.5 टीएसआई इंजन के साथ 7स्पीड डीएसजी स्वचालित गियर बॉक्स के साथ आएंगे ।इन 500 कारों में से प्रत्येक केवल कैंडी व्हाइट या ब्रिलियंट सिल्वर या टॉरनेडो रेड पेंट विकल्पों में होंगी क्योंकि इन रंगों को विशेष रूप से इस स्लाविया की छत और ओआरवीएम पर विशेष ब्लैक एलिमेंट के साथ कॉन्ट्रास्ट के लिए चुना गया है ।इस एडीशन की सभी विशिष्टता और अतिरिक्त सुविधाओं की कीमत स्लाविया सेडान के समकक्ष स्टाइल एडीशन की तुलना में 30000 रुपये अधिक होगी ।स्लाविया स्टाइल एडीशन छह एयरबैग और ग्लोबल एनसीएपी के नए एव सख्त टेस्ट प्रोटोकॉल के तहत वयस्क और बाल सुरक्षा के लिए पूर्ण 5स्टार रेटिंग के साथ आने वाले मानक स्लाविया की सुरक्षा विरासत को आगे बढ़ाता है।



# रोड़ सेफ्टी क्लब द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय महाविद्यालय हरोली में वीरवार को रोड़ सेफ्टी क्लब की ओर से रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने सुंदर आकृतियां उकेरी और इनके माध्यम से रोड़ सेफ्टी का संदेश देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। प्रतियोगिता में साक्षी, तरनजोत गिल व भावना ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं तानिया, गुरप्रीत व कल्पना ने संयुक्त रूप से दूसरा व प्रिया, प्रीति, इंदू वाला ने तीसरा स्थान पाया। इस अवसर पर कॉलेज स्टॉफ में प्रो. कैप्टन सोनिका सैणी, प्रो. गुरवक्श रॉय, प्रो. बिंदिया चंदेल, प्रो. डा. शकुंतला राणा व प्रो. ज्योति शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# किक बॉक्सिंग में हिमाचल का नाम कर रहे लोकेश भनोट

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/चमन शर्मा**

**किक** बॉक्सिंग खेल में दुनिया के शिर्ष तीन खिलाडियों में शामिल होकर सोलन जिला के लोकेश भनोट ने हिमाचल का नाम रोशन किया है। माइनस 91 भारवर्ग में कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल अपने नाम करने वाले लोकेश भनोट ने हाल ही में 7 से 11 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित हुई अंतर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दुनिया भर के 22 देशों के खिलाडियों को पछाडकर प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन होने का गौरव किया है। इससे पहले भी लोकेश कई अंतर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर



चुके हैं और वर्तमान में ओलंपिंग की तैयारियों में जुट गए हैं। 28 वर्षिय लोकेश भनोट ने बताया कि जब वे सातवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे तभी से उनका शौक किक बॉक्सिंग की ओर बढ़ा। उन्होंने बताया कि मेरे कोच इकबाल मलिक ने मुझे इस खेल की बारिकियों से अवगत करवाया और मैं इस खेल के प्रति समर्पित होता गया। लोकेश भनोट ने स्कूल के बाद नौणी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान भी किक बॉक्सिंग को जारी रखा और इस दौरान उन्होंने इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में भी अनेकों मेडल अपने नाम किया है। नौणी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान उन्हें लगातार तीन बार वाइस चांसलर द्वारा आउट स्टैंडिंग स्पोर्टस पर्सन ऑफ द ईयर के अवार्ड से भी नवाजा गया है। लोकेश भनोट का कहना है कि हाल ही में ओलंपिंग गेम्स में किक बॉक्सिंग को भी खेल के रूप में शामिल किया गया है। इसलिए वे अब वे इसकी तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि 2026 में होने वाले ओलंपिक खेलों में देश के लिए पदक लाकर अपने प्रदेश का नाम दुनिया में चमकाना चाहते हैं लोकेश भनोट की सफलता पर उनके कोच इकबाल मलिक, भूषन धवन, संजय यादव और उनके परिवारवालों ने हार्दिक बधाई दी है।

# लग्जरी बस दुर्घटनाग्रस्त, तीन वाहनो, को भी मारी टक्कर एक को लिया लपेटे में

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**पर्यटन न**गरी मनाली के रांगड़ी में सडक किनारे खड़ी बस अचानक चल पड़ी। इससे पहले की सामने से आ रहे वाहन चालक कुछ समझ पाते उससे पहले ही बस तीन वाहनों को टक्कर मार कर एक छोटे वाहन के साथ ब्यास नदीं में जा गिरी। छोटे वाहन में सवार चालक भाग्यशाली रहा। उसने वाहन से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई लेकिन उसकी गाड़ी बस के नीचे आ जाने से चकनाचूर हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भावना ट्रेवल की बस यूपी 22 एटी 0637 के चालक ने बस स्टार्ट की ओर हैंड ब्रेक लगाकर नीचे उतर गया। कुछ देर बाद गाड़ी अपने आप चल पड़ी। अचानक बस के उतरते देख



चालक के होश उड़ गए लेकिन बस चालक चिलाया लेकिन तब तक तीन वाहनों से टकराने के बाद बस एक छोटे वाहन को अपने साथ लेकर ब्यास नदी में जा लुढकी। छोटे वाहन में सवार चालक ने बहादुरी दिखाते हुए अपनी जान बचाई। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि लग्जरी बस के नीचे आ जाने से छोटी गाड़ी पूरी तरह क्षगिग्रस्त हो गई है। इस दुर्घटना में जानी नुकसान नहीं हुआ है लेकिन लग्जरी बस सहित छोटा वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस ने लग्जरी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानवीन शुरू कर दी है।

# फसलो पर मिले एमएसपीः जरनैल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला ऊना भारतीय किसान युनियन के अध्यक्ष जरनैल सनोली ने कहा कि किसानों को फसलों पर एमएसपी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शातिंपुर्वक आंदोलन के लिए दिल्ली जा रहे किसानों को रास्ते में शंभु बार्डर पर हरियाणा सरकार द्वारा आंसु गैस छोड़ रही और भारी वेरिकेट लगाकर लोकतंत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक सैकड़ों किसान जख्मी हुए हैं। अन्नदाता सडको पर सरकार के जुल्म सह रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को किसानों की मांगों को मान लेना चाहिए। आज किसान अपने हको और आने वाली नस्लों की लडाई लड रहा है। केंद्र सरकार राजनीति मचों पर बोलती रहती है कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे, लेकिन जब किसान को लग रहा कि सरकार उनसे धोखा कर रही है और उन्हें फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलता।

# जेएनवी में विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कृषि विभाग द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला में मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि उपनिदेशक कुलभूषण धीमान ने विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम की महत्वता बताई व बच्चों का कार्यक्रम के प्रति उत्साह बढ़ाया। मृदा परिक्षण अधिकारी दीपिका भाटिया तथा कृषि विकास अधिकारी पूजा देवी ने मृदा स्वास्थ्य, मृदा परिक्षण, सॉइल हेल्थ कार्ड एप व पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि वैज्ञानिक डॉ. मीनाक्षी सैनी तथा आत्मा परियोजना के बीटीए अरुण ने भी छात्रों को स्वस्थ मृदा की महत्वता समझाई। कार्यक्रम में जेएनवी के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया व साथ ही किसानों को जागरूक करने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के नवमीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया व विद्यालय के प्रधानाचार्य राज सिंह सहित स्कूली स्टाफ उपस्थित रहे।

# जारी है डॉक्टरों का अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में वीरवार को 29वें दिन भी डॉक्टर द्वारा काले बिल्ले लगाकर अपना रोष प्रदर्शन जारी रखा गया है। ब्ड सुक्खू से बातचीत होने के बाद भी डॉक्टरों की मांगों पर सहमति नहीं बन पाई है। जिसको लेकर सरकार ने कमेटी बनाने पर बात रखी है। एनपीए बहाल करने समेत अन्य मांगों को लेकर डॉक्टर लगातार काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन कर रहे है। लेकिन सरकार से वार्ता के बाद बात न बनने से डॉक्टर नाराज है।

**विरोध**

**8 काले बिल्ले लगाते हुए रोष प्रदर्शन जारी रखा गया है। डॉक्टरों द्वारा ओपीडी में सेवाएं भी दी जा रही है**

इसी को लेकर डॉक्टर द्वारा लगातार काले बिल्ले लगाते हुए रोष प्रदर्शन जारी रखा गया है। वहीं इस दौरान डॉक्टरों द्वारा ओपीडी में सेवाएं भी दी जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में लगेगी विकासात्मक प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**मंडी में** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2024 के अवसर पर पड्डल मैदान में विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी को लेकर पड्डल मैदान में विभागों को स्टॉल आबंटित करने के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार एडीएम ने गुरुवार को स्टॉल आबंटन उपसमिति की बैठक ली। जिला परिषद सभागार में हुई इस बैठक में एडीएम ने अधिकारियों को मेले में विभागीय प्रदर्शनी लगाने के संबंध में स्थान की आवश्यकता को लेकर 26 फरवरी तक अवगत कराने के निर्देश दिए



ताकि समय रहते स्टॉल आबंटन की उचित व्यवस्था की जा सके। डॉ. मदन कुमार ने कहा कि मेले में पड्डल में विभागों की विकासात्मक गतिविधियों की प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार के जनहित के कार्यक्रमों तथा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया जाएगा, जिससे लोगों की मदद होगी। एडीएम ने निर्देश दिए कि जिन विभागों तथा संगठनों की शिवरात्रि महोत्सव-2023 में आबंटित स्टॉल की अदायगी शेष है, वे जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्हें पुरानी राशि के भुगतान के बाद ही इस बार महोत्सव में दिए जाएंगे।

उन्होंने बैठक में नगर निगम के अधिकारियों को मेले के दौरान आयोजन स्थल पर साफ.-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने को भी कहा। उन्होंने महोत्सव के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाने को कहा। उन्होंने मेला स्थल पर पानी की उचित निकासी के लिए भी आवश्यक पग उठाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में लोगों को मिलनी शुरू हुई एक्सरे सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में क्रिसना कम्पनी द्वारा एक्सरे मशीन के साथ लगाया गया सीआर सिस्टम आज एक सप्ताह के बाद ठीक हो चुका है। वीरवार सुबह से ही क्षेत्रीय अस्पताल में लोगों को एक्सरे की सुविधा मिल रही है। बता दें कि बीते एक सप्ताह से यहां पर मशीन खराब होने की वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों को निजी लैबो में जाकर एक्सरे करवाने पड़ रहे थे जिस कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। अस्पताल के एमएस डॉक्टर एसएल वर्मा ने



जानकारी देते हुए बताया कि क्रिसना लैब के अधिकारों से बातचीत करने के बाद कल देर शाम ही एक्सरे मशीन के साथ लगाए गए सीआर सिस्टम को ठीक करवा दिया गया है और अब यहां पर एक्सरे की सुविधा लोगों को मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह वीरवार से यहां पर सीआर सिस्टम खराब होने की वजह से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था लेकिन इस समस्या को देखते हुए कंपनी को निर्देश दिए गए और जल्द इस पर कार्रवाई करने के लिए कहा गया जिसके बाद अब यहां पर लोगों को एक्सरे की सुविधा मिल पा रही है।

# एचडीएफसी बैंक का होम लोन बिजनेस काफी अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

एचडीएफसी बैंक भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने आज अपने होम लोन बिजनेस पर एक अपडेट साझा किया जिसमें स्पष्ट होता है कि एचडीएफसी लिमिटेड के विलय के बाद इसमें काफी अच्छी वृद्धि देखी गई है ।अरविंद कपिल,कंट्री हेड मॉर्गेज बैंकिंग,होम लोन,एलएपी एचडीएफसी बैंक का कहना है कि सबसे बड़े अवसरों में से एक कासा (सीएएसए) उत्पन्न करना था और शुरूआती संकेत उत्साहजनक हैं ।विलय से पहले लगभग 30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत वृद्धिशील वितरण एचडीएफसी बैंक बचत खाते वाले ग्राहकों को था।



विलय के बाद यह वृद्धिशील वितरण का लगभग 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। बैंक के लिए होम लोन व्यवसाय एक एसेट और लाएबिलिटी जनरेटर दोनों बन गया है और काफी बढ़ रहा है ।इससे ग्राहक स्थिरता का स्तर अधिक होता है और ग्राहक लंबी अवधि के लिए बैंक के साथ मजबूत जुड़ाव रखता है।

# 44 वर्ष से किराए के भवन में चल रहा एससी एवं एसटी विकास निगम का कार्यालय

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**हिमाचल** प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम ऊना कार्यालय पिछले 44 वर्ष से किराए के भवन में चल रहा है। महिला विकास निगम में ही एससी एवं एसटी विकास निगम का कामकाज चल रहा है। दोनों कार्यालय एक ही भवन में चल रहे है और हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के कर्मचारी ही महिला विकास निगम का काम कर रहे है। हैरानी की बात यह है कि यह कार्यालय एक कलोनी में दूसरी



मंजिल की इमारत पर चल रहा है। इस विभाग का बहुत लोगों को भवन का पता ही नहीं है कि यह भवन आखिर है कहां पर। इस भवन तक पहुंचना आम आदमी के बस की बात नहीं है। ऐसे में विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों का कुछ ही लोग लाभ ले पाते हैं। बता दें कि वर्ष 1980 से किराए के भवन में चल रहा हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम ऊना कार्यालय में करीब 8 कर्मचारी है। इसमें 4 महिला और 4 पुरुष अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### सरकारी स्कूल में महिला टीचर से छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। कस्बा** तरावड़ी के सरकारी स्कूल की एक महिला टीचर ने अपने ही स्कूल के पीजीटी टीचर पर मेंटली और सेक्सुअली हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला टीचर को आज से नहीं, बल्कि बीते 8 सालों से प्रताडित किया जा रहा है। पीड़िता ने प्राइवेट पार्ट्स तक छूने के आरोप पीजीटी अध्यापक पर लगाए हैं। पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी पीड़िता ने सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीड़िता का आरोप है कि वह कार्रवाई के लिए पुलिस के पास जाती है तो पुलिस उसे छेडखानी के सबूत लाने के लिए कहती है। हालांकि पुलिस का कहना है कि टीचर की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

32 वर्षीय पीड़िता का कहना है कि आरोपी टीचर ईशम सिंह की उम्र करीब 55 साल है और वह मेरे बाप की उम्र का है। वह 2014 से इस स्कूल में है और वह 2016 में स्कूल में आइटी ट्रेनर लगी थी। चूंकि आरोपी के पास डीडीओ का भी चार्ज रहता है और जब प्रिंसिपल स्कूल में नहीं होते तो स्कूल की इंचार्जशिप भी आरोपी के पास ही होती है। अपनी पावर का वह गलत इस्तेमाल करता है और बेवजह का दबाव बनाकर छेडखानी करता है। यहां तक कि अश्लील हरकतें करने से भी पीछे नहीं हटता।

पीड़िता का आरोप है कि जब से वह स्कूल में लगी है, उसके बाद से ही वह उसे मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करता आ रहा है। आरोपी जबरन अपने साथ सेटिंग करने के लिए दबाव बनाता है। बेवजह के मैसेज भेजता रहता है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे स्कूल में जबरन रोका और तरावड़ी बस स्टैंड तक छोड? के लिए अपनी गाड़ी में बैठा लिया। गाड़ी में भी अश्लील हरकतें की। जब विरोध किया तो मुझे धमकी दी गई कि तुम मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती। अगर तुम शिकायत करोगी तो तुम पर एसिड फेंकवा दूंगा और तुम नौकरी करने लायक नहीं बचोगी।

पीड़िता का आरोप है कि एक दिन प्रिंसिपल स्कूल में नहीं आए थे और उस दिन आरोपी ही इंचार्ज था। आरोपी ने मेरा हाथ पकड़ा और बोला कि छुट्टी एडजस्ट करवानी है क्या? फिर मैंने उसका विरोध किया और कहा कि मुझे मेरी नौकरी करने दो। लेकिन उसके बाद से ही आरोपी मुझे टॉर्चर करने के तरीके ढूंढता रहता है और गलत नजर से घूरता रहता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है।

ऐसा नहीं है कि पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ डिपार्टमेंट को कोई शिकायत न की हो, लेकिन उसके बावजूद भी उसे ही चुप रहने और शांति बनाए रखने के लिए कहा जा रहा है। पीड़िता का आरोप है कि मैंने उच्चाधिकारियों को शिकायतें की थी, लेकिन आरोपी ने अपनी पावर का इस्तेमाल करके शिकायतों की रिपोर्ट को दबवा दिया। आरोपी मुझे नौकरी से निकलवाने की धमकी देता रहता है।

पीड़िता का कहना है कि वह मानसिक रूप से ज्यादा परेशान हो चुकी है। उसने पुलिस को भी शिकायत की, लेकिन पुलिस कह रही है कि एविडेंस लाओ। हालांकि यह मामला प्रिंसिपल के संज्ञान में भी लाया था। वहीं प्रिंसिपल का कहना है कि टीचर ने मुझे कोई शिकायत नहीं की। टीचर ने सीधे पुलिस को ही शिकायत की है।

तरावड़ी थाना के प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354ए, 354डी, 341, 506 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

# मोदी की गारंटी के अनुसार जनता के घर तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभः संजय भाटिया

## 203 वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को वितरित किए जीवन सहायक उपकरण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन स्थानीय जिला रेडक्रॉस सोसाईटी के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संजय भाटिया ने शिरकत की और उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का



शुभारंभ किया। सांसद संजय भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि बुजुर्गों के संघर्ष व आशीर्वाद के कारण ही सभ्य समाज की स्थापना हुई है और देश व प्रदेश तरक्की के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बुजुर्गों के स्वस्थ जीवन और लंबी आयु की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को सुझाव दिया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुसार सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों के घर तक पहुंचाएं। सांसद ने इस कार्यक्रम में एलिम्को की ओर से करीब 203 नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, कान की मशीन, कम्बोड़ चेयर, कमर की बैल्ट, छड़ी, वॉकर, घुटने का ब्रेस, चश्मा इत्यादि वितरित किए गए। कार्यक्रम में एलिम्को कानपुर के प्रतिनिधि संजय गिरि ने बताया कि एलिम्को तथा जिला रेडक्रॉस सोसाईटी के सहयोग से वर्ष 2022-2023 में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए जीवन सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर आंकलन शिविरों का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 700 व्यक्तियों को चयनित किया गया था। वर्ष 2023 में एलिम्को द्वारा तिपहिया साईकिल, तिपहिया मोटराइज्ड साईकिल, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर तथा कृत्रिम अंग इत्यादि वितरित किए गए थे, जिन पर लगभग 2 करोड़ 10 लाख रूपए की राशि खर्च हुई थी।

## एक हजार छात्रों को एल्बेनडाजोल टैबलेट खिलाई गई



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**एसडी** पीजी कॉलेज में नेशनल डीवोर्मींग डे राष्ट्रीय कृमी दिवस पर कॉलेज एनएसएस यूनिट्स और सिविल हॉस्पिटल के सहयोग से लगभग एक हजार छात्र एवं छात्राओं को डीवोर्मींग की एल्बेनडाजोल टेबलेट खिलाई गई। कॉलेज एनएसएस यूनिट के तत्वाधान में आयोजित अभियान में स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और झुग्गी-झोपडि?ों में जाकर वहां पर रह रहे बच्चों को भी यह टेबलेट वितरित की। कार्यक्रम का विधिवत आरम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने बच्चों विशेषकर छात्राओं को प्रेरित करने हेतू स्वयं एक टेबलेट खाकर किया । इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.संतोष कुमारी, प्रो.मनोज कुमार उपस्थित रहे। जिन्होनें छात्र.छात्राओं को डीवोर्मींग के फायदों के बारे में विस्तार से बताया और उनके मन में व्याप्त शंकाओं का निवारण किया।

## स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जीटी** रोड स्थित स्थानीय आई बी पी जी महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग, एन सी सी तथा एनएसएस इकाई द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने 17 से 19 वर्ष के लगभग 600 विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई । उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यह मुहिम सरकार द्वारा लगभग सभी स्कूलों व कॉलेज में 15 फरवरी 2024 से 20 फरवरी 2024 तक चलाई जा रही है । इस गोली के सेवन से पेट की बीमारियों को दूर किया जा सकता है । निरोगी काया इंसान का पहला सुख होता है । इसके चलते-प्रति दिन योग व व्यायाम करना चाहिए । फास्ट फूड के बजाय पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए। एनएसएस के स्वयंसेवकों व एनसीसी के कैडेट्स ने अलग-अलग कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को यह टेबलेट खिलाई। एनएसएस एनसीसी के अध्यक्ष डॉ योगेश व लेफ्टिनेंट राजेश कुमार जी ने कहा कि इस गोली के सेवन से पेट में यदि कोई समस्या है तो वह ठीक हो जाती है।

## राजेश खन्ना ने दो गोल्ड मेडल सहित जीते चार पदक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल** के होनहार एथलीट राजेश खन्ना ने 5वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में 4 पदक हासिल किए हैं। उन्होंने 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में और 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल और 2 ब्रांज मेडल 200 मीटर और 400 मीटर रेस में 50 प्लस केटेगरी में जीते। यह प्रतियोगिता हैदराबाद (तेलंगाना) में 8 फरवरी से 11 फरवरी को संपन्न हुई। इसमें 22 राज्यों की टीमों के 2500 खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा है। राजेश खन्ना की इस उपलब्धि से खुशी का माहौल है। राजेश खन्ना भारतीय वायु सेना से रिटायर्ड हैं। फिलहाल वह एल्डिको कंपनी पानीपत में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

## सरपंच एसोसिएशन ने किया किसानों का समर्थन

### गांव में नहीं होने देंगे भाजपा-जजपानेताओं की एंट्री, करेंगे बहिष्कार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

हरियाणा सरपंच एसोसिएशन ने किसानों का समर्थन कर दिया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर सिंह ने कहा कि किसानों के साथ सरकार द्वारा ज्यादती की जा रही है। एसोसिएशन किसानों के साथ है और मीटिंग करके फैसला लिया गया है कि किसी भी पंचायत में न तो भाजपा के नेता और न ही जजपा के नेता को घुसने दिया जाएगा। इनका बहिष्कार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमें हाईकोर्ट पर पूर्ण विश्वास है कि किसानों के हक में फैसला होगा। कोर्ट से भी अनुरोध है कि किसानों को प्रदर्शन करने का अधिकार दिया जाए, ताकि वे सरकार से अपनी मांगों



को मनवा सकें। उन्होंने किसान संगठनों से भी आह्वान किया है कि किसानों का साथ दें, क्योंकि 70 प्रतिशत आबादी में किसान और मजदूर ही हैं, लेकिन सरकार इन पर अत्याचार कर रही है और इनके साथ खड़े हों।

उन्होंने बताया कि हरियाणा का शंभू बॉर्डर किसानों और पुलिस फोर्स के लिए किसी जंग के मैदान से कम नहीं है। दो दिन से पुलिस ने अपने इंतजामों के बल पर किसानों को शंभू बॉर्डर पर ही रोका हुआ है।

किसान बैरिकेडिंग तोडने की कोशिश करते हैं, लेकिन उसी दौरान टियर गैस किसानों के मंसूबों को नेस्तनाबूद कर देती है। शंभू बॉर्डर के बाद शाहबाद के पास भी पुलिस प्रशासन ने किसानों के लिए पक्का नाका लगा दिया है।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से हर वर्ग हो रहा लाभान्वितः रामकुमार कश्यप

### गांव कुंजपुरा में 2.50 एमएलडी मल शोधन संयंत्र व सीवरेज एवं पानी की लाईन बिछाने के कार्य का किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**इंद्री** विधायक रामकुमार कश्यप ने वीरवार को गांव कुंजपुरा में महाग्राम योजना के अंतर्गत जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा की ओर से 2.50 एमएलडी मल शोधन संयंत्र व सीवरेज एवं पानी की लाईन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्य के पूरा होने पर करीब 25 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। विधायक रामकुमार कश्यप ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त परियोजना के पूरा होने से कुंजपुरा गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल तथा सीवरेज की सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उक्त



परियोजना के अंतर्गत पीने के पानी के पाईप लाईन कार्य पर 5 करोड़ रुपए तथा 20 करोड़ रुपए की राशि से मल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। हरियाणा सरकार की महाग्राम योजना से अब गांव के लोगों को भी शहर जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। आज विश्व के

**सम्मान**

> 8 विश्व के दूसरे देशों में सराहना हो रही है। इससे हर भारतीय का दुनिया में मान-सम्मान बढ़ा

दूसरे देश भारत की ओर मदद की दृष्टि से देखते हैं। केन्द्र सरकार की नीतियों एवं योजनाओं की विश्व के दूसरे देशों में सराहना हो रही है। इससे हर भारतीय का दुनिया में मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश में विकास एवं जनहित नीतियों को लागू करके नित नए-नए आयाम स्थापित कर बड़ा ही कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस मौके पर ब्लॉक समिति चैयरमैन रूप कुमार, सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, पूर्व चैयरमैन ईलम सिंह, पूर्व सरपंच विजय कुमार, निशांत पाहवा, ब्लॉक समिति सदस्य रमेश, सुशील राणा, दीपक वर्मा, अंकुश खन्ना, शुभम उप्पल, सुरेंद्र वजीदपुर, राजेश प्रजापति प्रधान, कर्मबीर कल्याण महामंत्री, एसडीओ पब्लिक हैल्थ गौरव, सतीश राणा मैनमती, रामलाल वाल्मीकि, सविता चौधरी सेक्रेटरी, पंकज चावला सरपंच जडौली, इंद्राज कश्यप मौजूद रहे।

## ईमानदारी से भ्रष्टाचार खत्म करें शीर्षक पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा राजकीय कन्या विद्यालय रेलवे रोड में भ्रष्टाचार मुक्त भारत-ईमानदारी से भ्रष्टाचार खत्म करें, शीर्षक पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ. निशा गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ एंव राखी गर्ग, राष्ट्रीय मुख्य निदेशक, महिला प्रकोष्ठ की देखरेख में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा व राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने की। प्रतियोगिता में सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल डॉ निशा गुप्ता, राखी गर्ग व शैली शर्मा ने सत्यनिष्ठा से अपना रिजल्ट निकाला। प्रथम पुरस्कार इकत्तीस सौ रुपए सलोनी, द्वितीय पुरस्कार इक्कीस सौ रुपए जिया व तृतीय पुरस्कार ग्यारह सौ रुपए तान्या को मिला, सभी प्रतिभागियों को उपहार एंव सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट आयोजित किए जाते हैं, जिससे लोग जागरूक होते हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में सच्चाई व ईमानदारी की भावना जागृत होती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्णा गुप्ता, सावी चौधरी, अजीत राही, शैली शर्मा, सतीश मल्होत्रा, कविता मल्होत्रा, डॉ. अमरजीत कौर कोहली, अनिल कुमार मदान, फिरदौस अली, अनीता शर्मा भारद्वाज, नमना अहलावत, डॉ. हर्ष सेठी, डॉ. स्वर्णलता काठपाल, रेखा, ममता, मधु पाठक, हरप्रीत कौर, मुकेश कुमार हरजिंदर कौर आदि उपस्थित रहे।

## गणित व विज्ञान सी.पी. एस ओलम्पियाड में ओम शांति स्कूल के छात्र सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**ओम** शांति शिक्षा सदन में आयोजित कार्यक्रम में गणित व विज्ञान सी.पी. एस ओलम्पियाड के विजेता प्रतिभागियों को पदक व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने बताया कि ओलंपियाड की परीक्षा नवंबर माह में आयोजित हुई थी, जिसमें स्कूल के छात्रों ने गणित व विज्ञान विषय में भाग लिया था। गणित विषय में 13 स्वर्ण पदक, 28 रजत पदक एवं कास्य पदक



औरविज्ञान विषय में 12 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक, 9 कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया। विजेता छात्रों को स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़ लगाई सेंध

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** करनाल में चोरों ने एक मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर अलमारी के ताले तोडकर करीब 12.50 लाख के गहनों पर हाथ साफ कर गए। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। मकान मालिक अपनी पत्नी के साथ बेटी को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड? के लिए गए हुए थे। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जुंडला गेट निवासी राजेंद्र कुमार माटा की बेटी कनाडा में जॉब करती



है। इंद्री में राजेंद्र की बहन के बेटे की शादी थी और वह भी शादी में हिस्सा लेने के लिए कनाडा से आई हुई थी। राजेंद्र कुमार ने बताया कि 14 फरवरी को उसकी बेटी की फ्लाइट थी। चूंकि किसान आंदोलन के कारण रास्तों को डायवर्ट किया गया है, इसलिए वह 12 फरवरी की देर रात सवा 10 बजे ही अपनी बेटी को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोडने के लिए रवाना हो गए थे। राजेंद्र ने बताया कि वह 14 फरवरी की शाम को घर लौट आए थे। जैसे ही उन्होंने घर में एंट्री की तो घर के ताले टूटे मिले। वह दौडकर ऊपर वाले कमरों में पहुंचे। जहां अलमारी का ताला टूटा हुआ था और लॉकर का भी ताला टूटा पड़ा था। लॉकर के अंदर 20 तोले सोने के आभूषण व 500 ग्राम चांदी थी, जिसमें चांदी के सिक्के व मूर्ति शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ कैश भी अलमारी में रखा हुआ था, उसे करीब साढ़े 12 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है। उसने बताया कि वह ऊपर वाले कमरों में मोटे-मोटे ताले लगाकर गया था, लेकिन ताले ही गायब मिले और मेन गेट का भी ताला नहीं मिला। चोर तालों को भी अपने साथ लेकर गए हैं।

शिकायतकर्ता ने बताया कि वह प्राइवेट जॉब करता था और रिटायर्ड हो चुका है, जबकि उसकी पत्नी प्राइवेट स्कूल में जॉब करती है और बेटा मोहाली में जॉब करता है, जबकि बेटी कनाडा में जॉब कर रही है। बेटी की शादी के लिए गहने रखे हुए थे, ताकि शादी के वक्त यह काम आ सकें।

## सर्वकर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन बाइक रैली निकालकर किया किसानों का समर्थन

### महासंघ से जुड़े कर्मचारियों ने करनाल में बाइकों के काफिले के साथ रोष प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। हरियाणा** सर्व कर्मचारी महासंघ ने किसानों के समर्थन में 16 फरवरी को भारत बंद का ऐलान किया है। महासंघ से जुड़े कर्मचारियों ने करनाल में बाइकों के काफिले के साथ रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार ने कर्मचारियों की आज तक कोई सुनवाई नहीं की। जिससे रोषित कर्मचारियों ने भारत बंद का ऐलान कर दिया और कल होने वाली हड़ताल के लिए सरकारी कर्मचारियों को प्रेरित किया जाएगा।

बिजली विभाग के दफ्तर से




महासंघ ने अपनी बाइक रैली शुरू की। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। बाइक रैली अलग-अलग विभागों के कार्यालयों में पहुंचकर कर्मचारियों को भारत बंद का न्योता दिया जाएगा।

महासंघ के नेताओं का कहना है कि संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर भारत बंद का ऐलान

**विरोध**

> 8 भारत बंद का ऐलान कर दिया और कल होने वाली हड़ताल के लिए सरकारी कर्मचारियों को प्रेरित किया जाएगा

किया गया है। किसानों ने कहा है हम भारत बंद करेंगे, उसी प्रकार कर्मचारियों की फेडरेशन हड़ताल करेगी। चाहे इसमें केंद्र सरकार से जुड़ा कर्मचारी हो या फिर राज्य सरकार से जुड़ा कर्मचारी हो। हम सभी मिलकर हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि हड़ताल का कारण सरकार की नीतियां है।

महासंघ के नेता सुशील गुर्जर ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के विरोध में, मजदूरों के विरोध में और किसानों के विरोध में नीतियां तैयार करती है। चाहे वह शिक्षा नीति की बात हो या फिर ट्रांसपोर्ट बिल की बात हो। सरकार लगातार ऐसी नीतियां लेकर आती है, जो कर्मचारियों या फिर किसानों के गले नहीं उतरती। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार निजीकरण करती आ रही है, कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा और सरकारी ढांचे को खत्म करने का मन सरकार बना चुकी है। जिसको लेकर अब हमारी यूनियन एक दिन की हड़ताल करेगी और प्रदर्शन करेगी।

## तीन बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल** के सदर थाना क्षेत्र में तीन बच्चों की मां प्रेमी संग फरार हो गई। विवाहिता के पति ने गांव के युवक पर ही पत्नी को बहला फुसलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि 6 साल पहले उसकी शादी हुई थी। पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज महिला की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि शादी के बाद उनको तीन बच्चे हुए हैं। हमारा किसी भी प्रकार का कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं था। लेकिन गांव के आरोपी युवक व उसके परिवार के लोगों ने उसकी पत्नी को बहलाया फुसलाया है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि

**तलाश**

> 8 पीड़ित पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है

बुधवार को वह हर रोज की तरह सुबह काम पर गया था। घर पर उसकी पत्नी व बच्चे थे। शाम को करीब 7 बजे जब वह घर पर आया तो तीनों बच्चे घर पर अकेले थे और रो रहे थे। लेकिन उसकी पत्नी घर नहीं थी। इसके बाद उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। अपनी पत्नी को सभी जगह तलाश करने के बाद जब वह आरोपी के घर गया तो वह घर पर नहीं था और उसका फोन भी बंद आ रहा है। आरोपी के परिवार के लोगों ने मिलकर ही उसकी पत्नी को युवक के साथ भेजा है।

पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी युवक की मां, दादी, चाचा, चाची व दादा को पता है कि आरोपी उसकी पत्नी को लेकर कहां गया है। पीड़ित ने पुलिस से युवक के परिजनों से सख्ती पूछताछ करने की गुहार लगाई है, ताकि उसकी पत्नी बच्चों के पास वापस घर आ सके। सदर थाना के जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि पीड़ित पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही महिला का पता लगा लिया जाएगा।

## संपादकीय

# एक राष्ट्र एक चुनाव' बड़ा विचार-बड़ा सुधार

**देश में** गंभीर तार्किक एवं अन्य चुनौतियों के बावजूद लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का विचार दशकों से चर्चा के केंद्र में है। इसका मकसद भारतीय चुनाव चक्र की अनावश्यक पुनरावृत्ति को रोकना है। हालांकि वर्ष 1967 तक 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा के तहत देश में चुनाव हुए हैं, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने से पहले राज्यों की विधानसभा और लोकसभा के बार-बार भंग होने के कारण यह सिलसिला थम गया। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों मसलन आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम के विधानसभा चुनाव अभी भी साथ होते हैं। आज 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा कुछ कारणों से अपरिहार्य हो गई है। केंद्र सरकार कुछ समय पहले इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। यह समिति इस संबंध में व्यापक मंथन कर रही है।

इस अवधारणा पर अगस्त 2018 में जारी विधि आयोग की एक मसौदा रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के अभ्यास से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम किया जा सकेगा। इससे सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन संभव होगा। चुनाव प्रचार के बजाय विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न प्रशासनिक सुधार किए जा सकेंगे। यहां यह महत्वपूर्ण है कि संविधान के अनुच्छेद 83(2) और अनुच्छेद 172 में कहा गया है कि लोकसभा और राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। इसमें जरूरी यह है कि यदि इन्हें पहले भंग न किया जाए। मगर अनुच्छेद 356 के तहत ऐसी परिस्थितियां भी उत्पन्न हो सकती हैं जिसमें विधानसभाएं पहले भी भंग की जा सकती हैं। इसलिए कार्यकाल पूरा होने से पहले केंद्र अथवा राज्य सरकार के गिरने की स्थिति में इस योजना की व्यवहार्यता सबसे अहम प्रश्न है। चुनाव विशेषज्ञ मानते हैं कि इस बदलाव के लिए संविधान में संशोधन करने से न केवल विभिन्न स्थितियों और प्रावधानों पर व्यापक तौर पर विचार करने की आवश्यकता होगी, बल्कि ऐसे बदलाव भविष्य में किसी प्रकार के संवैधानिक संशोधनों के लिए एक मिसाल भी साबित हो सकते हैं। कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि बार-बार होने वाले चुनाव के वर्तमान स्वरूप को लोकतंत्र में अधिक लाभकारी के तौर पर देखा जा सकता है, क्योंकि यह मतदाताओं की आवाज को बुलंद करता है। केंद्र और राज्यों के मुद्दे अलग-अलग होते हैं। इसलिए वर्तमान ढांचा अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करता है।

माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव के लिए लगभग 30 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होगी। भारत निर्वाचन आयोग वर्ष 2015 में सरकार को एक व्यवहार्यता रिपोर्ट सौंप चुका है। इसमें संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन का सुझाव दिया जा चुका है। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि एक साथ चुनाव कराने के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता होगी। यही नहीं, 15 वर्ष बाद मशीनों को बदलने की अतिरिक्त लागत के साथ ईवीएम और वीवीपीएटी की खरीद के लिए लगभग 9,284.15 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

# किसान आंदोलन बीच का कोई रास्ता निकलेगा

**रोहित माहेश्वरी**

> "इस बीच कांग्रेस की तरफ से एमएसपी को लेकर कानूनी गारंटी का वादा किया जा रहा है। खास बात है कि जब कांग्रेस नीत यूपीए सत्ता में थी तब उन्होंने एमएसपी को लेकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने से इनकार कर दिया था। उस समय मनमोहन सिंह सरकार ने स्वामीनाथन समिति की सिफारिश को अस्वीकार कर दिया था। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन की भारित औसत लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए था। उनका तर्क था कि एमएसपी और उत्पादन लागत के बीच इस तरह का संबंध बाजार को विकृत कर सकता है। तत्कालीन कृषि और खाद्य राज्य मंत्री केवी थॉमस ने 2010 में कहा था कि कुछ मामलों में एमएसपी और उत्पादन लागत के बीच एक यांत्रिक संबंध ठीक नहीं हो सकता है"

**किसानों** के दो बड़े संगठनों, संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली चलो का नारा दिया है, वहीं संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी को एक दिन का ग्रामीण भारत बंद करने का आह्वान किया है। दो साल पहले दिल्ली के बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों का आंदोलन इतना मुखर था कि नरेंद्र मोदी सरकार को कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) कानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद्द करना पड़ा था। किसानों को डर था कि सरकार इन कानूनों के जरिए कुछ चुनिंदा फसलों पर मिलने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का नियम खत्म कर सकती है और खेती-किसानी के कॉरपोरेटाइजेशन (निगमीकरण) को बढ़ावा दे सकती है। इसके बाद उन्हें बड़ी एग्री-कमोडिटी कंपनियों का मोहताज होना पड़ेगा। इन कृषि कानूनों के रद्द होने के बाद किसानों ने भी अपना आंदोलन वापस ले लिया था। उस दौरान सरकार ने उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इसके साथ ही उनकी कुछ और मांगों को भी पूरा करने का वादा किया गया था।

सरकार की ओर से किसानों से बातचीत के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की कमेटी बनाई गई। हाल ही में इन मंत्रियों की किसानों के साथ दो बार बातचीत हुई, जो बेनतीजा रही। इसके बाद ही किसान संगठनों ने यह फैसला लिया कि 13 फरवरी को वो दिल्ली कूच करेंगे। इस बार किसानों ने जो मांगे रखी हैं, उन्हें पूरी तरह मान लेना शायद किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं होगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाने में क्या दिक्कत आ रही हैं, इन पर व्यापक रूप से विचार विमर्श करने की जरूरत है। इसके लिए एक आयोग या समिति का गठन करना होगा जिसमें किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल किए जाएं। फिलहाल 23 कृषि उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में है और किसान मांग कर रहे हैं कि समर्थन मूल्य पर सभी फसलों को शामिल किया जाए। एक बात यह भी ध्यान देने योग्य है कि फसलों की किस्म, गुणवत्ता, पोषक तत्व, लागत आदि से फसल की कीमतें तय होती हैं। यदि खराब गुणवत्ता की उपज को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने की बाध्यता होगी तो यह सरकार के लिए असहज स्थिति हो सकती है। सरकार द्वारा खरीदे जाने वाले खाद्यान्न राशन कार्ड धारक गरीबों को रियायती दरों पर दिया जाता है। इसके अलावा देश के करीब 80 करोड लोगों को भी 5 किलोग्राम प्रति माह खाद्यान्न दिया जा रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाए जाने से हो सकता है अधिकांश किसान वही फसल लगाएंगे जिनका उत्पादन अधिक होता है । इससे देश में खाद्यान्न की उपलब्धता में असमानता होने से जमाखोरी को बढ़ावा मिलेगा । आम उपभोक्ताओं को भी अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती हैं। इसके अलावा गरीबों को रियायती और मुफ्त में दिये जाने वाले खाद्यान्नों की कमी का भी सामना करना पड़ सकता है। जहां तक किसानों के कर्ज को माफ करने की बात है, इस पर भी व्यापक चिंतन करने की जरूरत है। यह देखा गया है कि देश के लघु और सीमांत किसानों की तुलना में बड़े किसानों पर अधिक कर्ज होता है। कर्ज का ब्याज माफ करना तो समझ में आता है लेकिन पूरा कर्ज माफ करने से ब्याज और मूल नहीं चुकाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल रहा है। इससे संपन्न और सक्षम किसान भी कर्ज नहीं चुकाते हैं, यह सोचकर कि सरकार तो कर्ज माफ कर ही देगी । कर्ज माफी के बजाय सरकार को बिजली, दवाई, बीज, कृषि यंत्र, खाद आदि पर और रियायत दें तो लागत में कमी आ सकती है। वर्तमान में लागत में अत्यधिक वृद्धि होने से किसानों को मुनाफा बहुत कम हो रहा है जिसके कारण कर्ज लगातार बढ़ रहा है । किसान 60 वर्ष से अधिक आयु होने पर 10000 रुपए प्रति माह पेंशन की भी मांग कर रहे हैं। देश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से हर साल 10 करोड़ से अधिक किसानों को 6000 रुपए तीन किस्तों में दिए जा रहे हैं। 10000 रुपए महीने पेंशन की मांग तो शायद किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं होगा। हां पात्र किसानों को पेंशन दी जा सकती है लेकिन किसानों की मांग यहीं थम जाएगी, इस पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। इस किसान आंदोलन से ऐसे अनेक सवाल सामने आ गए हैं जिनका त्वरित निराकरण करना जरूरी है। 2020 में किसान आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से संपर्क हो गया था लेकिन इस बार जैसे-जैसे समय बढ़ेगा, देश के अन्य किसान संगठन के इस आंदोलन से जुड़ने की आसार बढ़ेंगे। किसानों की तरफ से एमएसपी को लेकर कानून बनाए जाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है।



इस बीच कांग्रेस की तरफ से एमएसपी को लेकर कानूनी गारंटी का वादा किया जा रहा है। खास बात है कि जब कांग्रेस नीत यूपीए सत्ता में थी तब उन्होंने एमएसपी को लेकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने से इनकार कर दिया था। उस समय मनमोहन सिंह सरकार ने स्वामीनाथन समिति की सिफारिश को अस्वीकार कर दिया था।

इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन की भारित औसत लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए था। उनका तर्क था कि एमएसपी और उत्पादन लागत के बीच इस तरह का संबंध बाजार को विकृत कर सकता है।

तत्कालीन कृषि और खाद्य राज्य मंत्री केवी थॉमस ने 2010 में कहा था कि कुछ मामलों में एमएसपी और उत्पादन लागत के बीच एक यांत्रिक संबंध ठीक नहीं हो सकता है। सरकार का मानना था कि कृषि लागत और मूल्य आयोग ने ऑब्जेक्टिव मानदंडों और विभिन्न कारकों के आधार पर एमएसपी की सिफारिश की है। हाल ही में, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं ने सत्ता में आने पर एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून को पारित करने का संकल्प लिया। कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी देश के लिए फैसले लेती है, न कि राजनीति के लिए, एमएसपी पर कानूनी गारंटी के वादे पर आलोचना का जवाब देते हुए। उन्होंने यह भी बताया कि यूपीए सरकार ने स्वामीनाथन समिति द्वारा की गई 201 में से 175 सिफारिशों को लागू किया था। किसान, समिति की सिफारिशों के आधार पर, सीटू प्लस 50 फॉमूर्ले को लागू करने की मांग कर रहे हैं, जिसमें एमएसपी द्वारा कवर की गई 23 फसलों के लिए उत्पादन की व्यापक लागत शामिल है। हालांकि, सरकार ने कहा है कि कोई भी प्रतिबद्धता बनाने से पहले इस मुद्दे की विस्तार से जांच करने की जरूरत है। विपक्षी राजनीतिक दल भी आंदोलन को हवा देंगे जिससे देश में अराजकता का माहौल पैदा होने की आशंका है। केंद्र सरकार को बहुत ही संयम से काम लेना होगा और किसान संगठनों से निरंतर संवाद बनाए रखकर इसका जितने जल्दी हो सके स्थायी समाधान करने के प्रयास करने होंगे। क्योंकि संवाद और आपसी सहमति से ही कोई रास्ता निकलेगा। किसानों को भी उचित-अनुचित मांगों पर पुनर्विचार करना होगा। किसान और सरकार दोनों, एक दूसरे के स्थान पर अपने आप को रखकर देखें कि यदि हम उनके स्थान पर रहते तो क्या व्यावहारिक हल होता। संभव है कोई ना कोई बीच का रास्ता जरूर निकलेगा और किसान आंदोलन छोड़कर फिर से अपने खेतों की ओर रुख करेंगे। इसी में खेती किसानी और देश की भलाई है।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# भारतवर्ष का सनातनी, वैदिक ज्ञान

**संजीव**

**भारतवर्ष** सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता। ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है।

## विचार

# कांग्रेस मुक्त भारत या कांग्रेस युक्त भाजपा

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

**लोकसभा** चुनाव 2024 की अब कभी भी घोषणा हो सकती है। केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा इसे लेकर काफी उत्साहित है। भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा एक नारा बड़े पुरजोर तरीके से लगाया जा रहा है। मंचीय भाषणों में कांग्रेस मुक्त भारत का यह नारा या श्लोगन खूब चर्चित हो रहा है। श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इस उत्साह के कारण कांग्रेस में भी निराशा का वातावरण बन गया है। हाल ही में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ राज्य के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली सफलता ने भी कांग्रेस मुक्त भारत के नारे की गूंज को बढ़ा दिया है। किंतु क्या यह असल में होने वाला हैं ? क्या कांग्रेस लोकसभा के चुनाव में अपने पूर्व के प्रदर्शन से भी कमजोर प्रदर्शन करने जा रही है ? क्या वर्तमान में मोदी लहर पर सवार भाजपा देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल को सबसे कमजोर प्रदर्शन करने की स्थिति में ला खड़े करेगी ? इन सवालों के मध्य एक बड़ा सवाल यह उठता है की क्या भारत को कांग्रेस से मुक्त करने के लिए कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल करने का अभियान सुनियोजित ढंग से एक रणनीति के तहत चलाया जा रहा है। जिस प्रकार से कांग्रेस से नेता भाजपा में जा रहें है, उससे तो ऐसा लगता है की यह श्लोगन कांग्रेस मुक्त भारत के स्थान पर भाजपा युक्त कांग्रेस होता जा रहा है। जिस तेजी से भाजपा का कांग्रेसीकरण हो रहा है। उससे तो यह लगता है की कांग्रेस और भाजपा में कोई अंतर नहीं है। दोनो ही एक ही थैली के चट्टेझबट्टे है। लोकसभा चुनाव के दौरान देश भर में कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक पार्टियों के नेताओं का भाजपा में जाने का सिलसिला बढ़ने लगेगा। बेशक राजनीतिक दलों से जुड़ाव का सबसे बड़ा कारण उस दल की विचारधारा है। देश में दल तो बहुत है, किंतु प्रमुख राजनीतिक दल के रूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है। जो देश का सबसे पुराना राष्ट्रीय दल है। कांग्रेस की विचारधारा धर्मनिरपेक्ष होकर देश में सभी धर्म, जाति, भाषा का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय एकता स्थापित करने की रही है। कांग्रेस अब भी इस विचारधारा पर कायम है। भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस आजादी की लड़ाई में अंग्रेजी हुकूमत से लड़ने वाला प्रमुख संगठन था। महात्मा गांधी, जवाहर नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, नीलम संजीव रेड्डी, डा राजेंद्र प्रसाद, पंडित शंकर दयाल शर्मा, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, सोनिया गांधी, राहुल गांधी इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे है। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के 89 वें राष्ट्रीय अध्यक्ष है। कांग्रेस का अपना गौरवशाली इतिहास है, राजनैतिक दल के रूप में कांग्रेस ने लंबे समय देश पर शासन किया यूं कहें कि सबसे अधिक समय तक देश की सत्ता में कांग्रेस रही। कांग्रेस को देश की राजनीति में विचारधारात्मक रूप से भाजपा से कठिन चुनौती मिली है। राजनीतिक समीक्षकों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी का वर्तमान समय स्वर्णिमकाल है। देश की सता पर विराजित भाजपा के इतिहास को समझने के लिए भारतीय जनसंघ के इतिहास को समझना होगा। अखिल भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्तुम्बर 1951 में दिल्ली में हुई थी। श्यामाप्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के स्थापक सदस्य रहे है। जनसंघ की विचारधारा एकात्म मानववाद से जुड़ी रही है। जनसंघ का 1977 में जनता पार्टी और अन्य दलों में विलय हो गया। जनसंघ के पद चिन्हों को पुन सयोंजित कर 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भाजपा 1984 के आम चुनाव में मात्र 2 लोकसभा सीटों पर ही विजय हो पाई थी। 1998 में भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का निर्माण हुआ। अटलबिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बनी जो एक वर्ष का कार्यकाल ही पूरा कर पाई। इसके बाद अटलजी के नेतृत्व में सरकार बनी जिसने अपना कार्यकाल पूर्ण किया। वर्तमान की फायर ब्रांड भाजपा का उदय गुजरात के मुख्यमंत्री देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के पदार्पण से हुआ। 2014 के आम चुनाव में भाजपा और राजग को भारी सफलता मिली। तब से अब तक भाजपा का कारवां बढ़ता जा रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# प्रॉमिस डे के चोंचले

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सुनते हो** प्रॉमिस डे, तुम मेरे लिए रोमांटिक छुट्टी हो। जहाँ लोग पल भर में प्यार और प्रतिबद्धता के बड़ी घोषणाएँ करते हैं। यह दिन गुलाब, चॉकलेट को पछाड़कर वादे से भरा होता है, जो या तो की जाती हैं या फिर नहीं की जाती हैं। जब मैं इन सब पर विचार करता हूँ, तो मैं इस दिन की प्रतिबद्धताओं के प्रति हास्य देखने से बच नहीं सकता। प्रॉमिस डे के दिन प्रेमी-प्रेमिका की जोड़ी बड़ी सुंदर लगती है। बाकी दिनों में भी लगती है, लेकिन इस दिन इनके बीच प्यार का कीड़ा बड़ा मचलता रहता है। जोड़ों के बीच मीठी बातों का आदान प्रदान करने के बाद आर्थिक वचन देना शुरू करते हैं। वे वादा करते हैं कि वे हमेशा एक दूसरे को प्यार और सम्मान करेंगे, कालाजादू के बावजूद मजबूत रहेंगे और हमेशा एक-दूसरे के दिल में रहेंगे। यह सब इतना छूने वाला होता है कि यह हृदयग्राही होता है। आपको महसूस होता है कि ये वादे अक्सर उतने ही कमजोर होते हैं, जितना कि समुंदर किनारे रेत पर लिखे जाते हैं।

प्रोमिस डे की विडंबना यह है कि यह एक दिन केवल और केवल प्रॉमिस करने के लिए समर्पित होता है, जो अक्सर तोड़ने के लिए किए जाते हैं। कितनी बार हमने किसी से यह वादा करते हुए सुना है, कि वह हमारे लिए वहां रहेंगे, लेकिन जब हमें उनकी सबसे अधिक जरूरत होती है, तो वे गायब हो जाते हैं? या फिर अविनाशी प्यार का वादा करते हुए, समस्या के पहले ही दरवाजा बंद कर देते हैं? इस दिन वादों की अंतहीन श्रृंखला की झड़ी लगी रहती है। लोग वादा करते हैं कि वे अपने साथियों को भव्य छुट्टियों पर ले जाएंगे, उन्हें महंगे उपहार देंगे, जैसे मधुशाला की बोतलें। यह सब इतना अत्यधिक और बेतुका होता है, खासकर जब आप जानते हैं कि ये वादे अक्सर बस प्रभाव डालने के लिए खाली शब्द भर होते हैं, वादा पूरा करने के लिए नहीं। शायद प्रोमिस डे का सबसे बेतुका पहलू यह है कि वह लोगों पर जोर डालता है वादे करने और पूरा करने का। इसमें यह उम्मीद है कि आपको अपने प्यार और प्रतिबद्धता को सबसे अधिक बड़े तरीके में घोषणा करनी होगी, काश आपकी भावनाओं की सत्यता आपके वादे के आकार से मापी जा सकती।

# हिंसक किसान आंदोलन के निहितार्थ

**आर.के. सिन्हा**

**मरने-मारने** के अंदाज में किसान एक बार फिर से सड़कों पर उतर आए हैं। चुनावी माहौल गर्म होते ही वे दिल्ली को घेरने के इरादो पर डटे दिखते हैं। पंजाब से दिल्ली आ रहे किसान हरियाणा में पुलिस से जगह-जगह पर बिना किसी बात के भिड़ रहे हैं। किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा है। यह सारा देश दिन भर टेलीविजन पर देख रहा है। सरकार से बातचीत करके कोई हल निकालने को किसान नेता मानने को तैयार तक नहीं हैं। वे तो चाहते हैं कि उनकी हरेक मांग को सरकार मान जाए। याद रखें कि किसानों की कुछ मांगों को मानना लगभग असंभव सा है। किसान नेता कह रहे हैं कि उनके 24 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ हो जाये । सरकारें किसानों के बहुत सारे लोन समय-समय पर माफ करती भी रहती हैं। पर सारे लोन माफ करना नामुमकिन ही है। क्या पैसा पेड़ों में लगा है जिसे सरकार तोड़ कर किसानों को दे देगी? किसानों को देश अन्न दाता मानता है, पर उन्हें भी ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए कि क्या उनकी मांगें सही हैं। जब चुकाने का इरादा ही नहीं था तो लोन लिया क्यों था ? बेईमानी करने के लिये ? इसके साथ ही किसान संगठन बार बार न्यूनतन समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आंदोलन प्रदर्शन करते हैं। वे इस बार भी एमएसपी के लिए कानून बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर दिल्ली आकर विरोध प्रदर्शन करना चाहते हैं। इनका कहना है कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार, एमएसपी लागू हो। अफसोस होता कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किसानों की इस मांग का समर्थन करते हैं। स्वामीनाथन कमीशन ने 2006 में अपनी रिपोर्ट दी थी। तब डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केन्द्र में यूपीए सरकार सत्तासीन थी। यूपीए सरकार 2014 तक रही। सबको पता है कि उसके सर्वेसर्वा राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ही थे। उन्होंने तब यूपीए सरकार पर दबाव डालकर स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को क्यों नहीं लागू किया। अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### दक्ष श्रमिकों को इजराइल जाने का मौका :पाल

**मथुरा /टीम एक्शन इंडिया**
सहायक श्रम आयुक्त एम एल पाल ने अवगत कराया है कि विभिन्न निर्माण कार्यो में दक्ष श्रमिकों को इजराइल में सेवायोजित किये जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गयी पहल के अन्तर्गत जिन अभ्यार्थियों का लखनऊ में परीक्षण कराया गया था, उनके परिणाम प्राप्त हो गया है । सफल अभ्यार्थियों की सूची श्रम कार्यालयों पर उपलब्ध है । परीक्षा देने वाले अभ्यार्थी तत्काल श्रम कार्यालय में सम्पर्क कर अपने परिणाम की जानकारी प्राप्त कर ले और अन्य औपचारिकताएँ पूर्ण करायें ।

यह भी अवगत कराना है कि उक्त परिणाम की अधिकृति सूचना हेतु मात्र श्रम विभाग से सम्पर्क किया जाये, किसी अन्य प्रकार से प्राप्त सूचना पर उसकी पुष्टि विभाग में आकर अवश्य कर ली जाये । उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि सेरेमिक टाइल्स, आयरन बेन्डिग, प्लास्टरिंग, तथा बिल्डिग फ्रेम वर्क के लिए दक्ष एवं कुशल श्रमिकों को पुनः सेवायोजित कराये जाने हेतु फरवरी 2024 के अन्त में दक्षता परीक्षण कराया जा रहा है। ऐसे इच्छुक व्यक्ति, जो उक्त कार्यों में तीन साल का अनुभव रखते हों और इजराइल में काम करने के इच्छुक हों, वह अपना 'पंजीयन शीघ्र ही स्थानीय श्रम कार्यालय, 17 बी० द्वारिकापुरी मथुरा में आकर करा लें । परीक्षण की तिथि एवं स्थान बाद में अवगत कराया जायेगा।

### चौमुहा ब्लॉक पर रोजगार मेला आयोजित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश भर में कौशल विकास योजना के तहत पात्र अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर दिलाने के लिए राज्यव्यापी ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है इसी श्रृंखला में जनपद के चौमुहा ब्लॉक रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की तादात में बेरोजगार युवकों ने हिस्सा लिया।
जानकारी के अनुसार विकास खंड चौमुंहा जनपद मथुरा में ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।
जिसका शुभांरभ कन्हैयालाल गोयल चेयरमैन , राकेश बाबू ए0डी0ओ0 एवं मोहम्मद अख्तर अली द्वारा किया गया। रोजगार मेले में लगभग 259 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में लगभग 08 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागी अभ्यर्थियों के सापेक्ष 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा कई अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी दिया गया।
आयोजित ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले में श्रीराम तिवारी एवं ललित कुमार जिला कौशल प्रबंधक, गीतम सिंह, कार्यालय सहायक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मथुरा एवं पवन प्रताप सिंह प्रधान सहायक, ममता चौरसिया द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### आधा दर्जन अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना सदर बाजार पुलिस ने छह अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार किये हैं। जिनके कब्जे से 32 किलोग्राम अवैध गांजा, गांजा तस्करी में प्रयुक्त दो कार, अवैध तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। चेकिंग के दौरान दो कार एस क्रॉस व टाटा टिगोर से गांजे का अवैध परिवहन करते हुए रवि पुत्र रामबाबू उर्फ ओमप्रकाश निवासी अर्जुनपुरा डीग गेट थाना गोविन्द नगर मथुरा, प्रदीप पुत्र दीवान सिंह निवासी गिरधरपुर थाना हाईवे मथुरा, भारत पुत्र मिट्ठू सिंह निवासी मथुरा गेट थाना मथुरा गेट जिला भरतपुर राजस्थान, पुष्कर सिंह पुत्र ध्रुव सिंह निवासी नगला फौजदार डीग थाना सदर डीग जिला डीग राजस्थान हाल निवासी शिव नगर कालोनी थाना कोतवाली भरतपुर, राकेश पुत्र पप्पू सिंह निवासी शास्त्री नगर थाना मथुरा गेट जिला भरतपुर राजस्थान तथा वीरेन्द्र सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम कुन्दरा थाना चिकसौना जिला भरतपुर राजस्थान को रामलीला ग्राउंड सदर बाजार से करीब से गिरफ्तार किया गया। रवि के विरूद्ध 13, प्रदीप के विरुद्ध पांच आपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार छोटेलाल, उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक अमित कुमार त्यागी, उप निरीक्षक विदित कुमार आदि थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को : जसबीर कौर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजीएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि आगामी 9 मार्च को वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

# ब्रज में पूजन के बाद बजा नगाडा, हुई होली की शुरूआत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रज में होली शुरू हो गई है। गांव गांव नगाड़े बज उठे हैं। पूजन के साथ पहली थाप पडते ही होली की शुरूआत का उद्घोष हो गया। बरसाना में नगाडा बजा और होली की शुरूआत हो गई। ब्रज में बसंत पंचमी के त्योहार के साथ ही होली के रंग उड़ने की शुरू हो जाती हैं। गांव गांव में नगाड़े का पूजन कर 40 दिवसीय होली गायन की चैपाईयों की शुरूआत हुई। बरसाना में भी क्षत्रिय समाज के द्वारा बसंत पंचमी पर नगाड़े का पूजन कर पुरानी परम्परा को निभाया गया।



फोटो परिचय- ब्रज के गांव में लगडा पूजन करते लोग ।

बरसाना के तैहिया मौहल्ला में नृसिंह बगीची पर क्षत्रिय समाज के द्वारा नगाड़े पर स्वस्तिक बनाकर गुलाल से पूजन कर मिठाई बांट होली की चैपाई गाकर होली गायन की शुरूआत की गयी। क्षत्रिय समाज के युवा और वृद्धजन बसन्त पंचमी से प्रतिदिन नगाड़े बजाने और होली के रसियों का गायन शुरूकर धूलैंडी तक यह कार्यक्रम चलते है। वहीं बरसाना की रंगोली होली के दिन विशेष चैपाई गायन का कार्यक्रम होता है। जो बड़ी संख्या में युवा और वृद्धजन नगाड़े के साथ मैन बजार से होते हुए सुदामा चैक तक होली के रसियों को गायन करते निकलते हैं और नाचते गाते बजाते गुलाल उड़ाते हुए होली के रसिया बन पुरातन परम्परा को निभाते हैं। बरसाना में इस तरह की एक नहीं कई चैपाई नगाड़े के साथ निकलती है। जो देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का कारण भी बनता है। होली की लुप्त होती परम्परा ब्रज में देखने को मिलती हैं। लखन ठाकुर, जसवन्त ठाकुर, लोहरे ठाकुर, पुरषोत्तम ठाकुर, भगवत ठाकुर, नत्थी ठाकुर, राधा बल्लभ शंकरा, मुरारी ठाकुर, गंग्गों ठाकुर, खच्चू, कलुआ, हीरालाल, बिजेंद्र, अमन आदि लोग ने नगाड़े का पूजन कर होली की शुरूआत की।

## एसपी शशांक कुमार सावन ने साइबर थाना स्टाफ के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में थाना साइबर के सभी अनुसंधान अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने थाना में लंबित पड़े मुकदमों का कारण जाना और कारणों को जानकर उन मुकदमों को जल्दी निपटाने के दिशा निर्देश दिए।
एसपी ने थाने में आने वाले शिकायतकताओं की शिकायतों को प्राप्त कर उनको तुरंत अनुसंधान अधिकारी को मार्क करने और उनको निर्धारित समय में निपटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने थाने की समस्याओं को भी सुनकर उनका समाधान किया।
मीटिंग में एडिशनल एसपी करनाल प्रभिना पी, प्रबंधक थाना साइबर निरीक्षक राजीव, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक सतपाल और थाना साइबर के सभी अनुसंधान अधिकारी और स्टॉफ मौजूद रहा।

## सरकार की योजनाओं के पूर्व की पीड़ा लाभार्थी स्वयं साझा करेगा : महापौर

### -इलाहाबाद लोकसभा लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला

**प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्र व राज्य सरकार के लाभार्थियों से सम्पर्क करने के उद्देश्य से गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय सिविल लाइंस में इलाहाबाद लोकसभा ह्ललाभार्थी सम्पर्क अभियानह्ल कार्यशाला का आयोजन हुआ। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि सरकार की योजनाओं के पूर्व की पीड़ा को लाभार्थी स्वयं साझा करेगा। मोदी सरकार ने कितनी बड़ी सुविधाएं आमजन को देने का कार्य किया यह लाभार्थी स्वयं बयां करेगा।
जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में महापौर ने आगे कहा कि टपकते छप्पर, लकड़ी के धुएं से खाना बनाने और महिलाओं को शौच जाने के लिए सूर्य ढलने के इंतजार का दर्द क्या होता था। इसे लाभार्थी स्वयं साझा करेंगे।
इलाहाबाद लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल ने कहा कि कार्यक्रमों को शत-प्रतिशत पूरा करना ही होगा। गांव में ऐसा एक भी व्यक्ति नहीं है, जिसको मोदी-योगी सरकार की योजनाओं का लाभ ना मिला हो।
महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुचांकर स्मरण कराने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति ने कहा प्रत्येक लाभार्थियों संग पहुंच टेक्निकल और मैन्यूअल माध्यम से रिपोर्ट को संगठन को उपलब्ध कराकर 2024 में फिर एक बार मोदी सरकार बनाना है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान की जिला सह संयोजक किरण जायसवाल ने अभियान के उद्देश्य और लाभार्थियों के सम्पर्क के विषय को रखा।

## पीएसी कैंप में जवान का शव फंदे पर लटका मिला

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना रिफायनरी क्षेत्र स्थित रांची बांगर के पीएसी कैंप में जवान का शव गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों फांसी के फंदे पर झूलता मिला। इस की सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये।
शव चादर के फंदे पर लटका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रांची बांगर के पीएसी कैंप में जवान फरुर्खाबाद के गांव अभयपुर निवासी 49 वर्षीय अवधेश पुत्र स्व. रामचंद्र का शव कमरे में चादर से फंदे पर लटका देख अन्य जवानों के होश उड़ गये। आनन फानन में वाकये की सूचना अधिकारियों को दी गई। घटना की सूचना परिजनों को भी दे दी गई थी।

## नेहरू कॉलेज में हुआ नेशनल लेवल हैंड्स ओन इलेक्ट्रॉनिक वर्कशॉप का आयोजन

**फरीदाबाद, 15 फरवरी, (हरपाल सिंह यादव )।**
फरवरी 15 को नेहरू कॉलेज में कॉलेज प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के मार्गदर्शन वा इक्र डायरेक्टर के सानिध्य से दो दिवसीय नेशनल लेवल हैंड्स ऑन इलेक्ट्रॉनिक वर्कशॉप का आगाज भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष वा कन्वेनर डॉक्टर पारुल जैन द्वारा किया गया।
कार्यक्रम में साइंटिस्ट डी मिस्टर अर्नोव ने सबको इक्र के बारे में विस्तार से बताया। इक्र की डायरेक्टर मस विभा रानी ने सबको स्वच्छता के बारे में बताया वा छात्र गानों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की सहसंयोजक डॉक्टर नीतू सोरोत ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई।



प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर ने भौतिकी विभाग के कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए बहुत बधाई दी वा आगे भी करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में एमएससी के बच्चों ने बहुत अहम भूमिका निभाई। बच्चों में बहुत ही रुचि से वर्कशॉप के महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा वा आने वाले दूसरे दिन के लिए बहुत उत्सुकता दिखाई। कार्यक्रम में डॉक्टर सबीना, डॉक्टर कमला चौधरी, डॉक्टर मोनिशा चौधरी, डॉक्टर कमल, डॉक्टर राजेश, भौतिकी विभाग से डॉक्टर देवेंद्र, डॉक्टर नीनू, डॉक्टर उमा, डॉक्टर रिम्पी, श्रीमती सरिता, श्रीमती ज्योति, डॉक्टर अन्नू खन्ना, श्रीमती श्रुति मौजूद रहे वा इसके आगाज में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## स्वयं को रोगमुक्त रखने के लिए योग ही एकमात्र साधन : दिनेश गुलाटी

**अभियान**

8 योग को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने और लोगों को स्वस्थ करने का अभियान जारी है।

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** मेरा मिशन स्वच्छ भारत के अंतर्गत मिशन संचालक दिनेश गुलाटी ने योग को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने और लोगों को स्वस्थ करने का अभियान जारी है। उनकी इस अभियान के तहत तिकोना पार्क सेक्टर 6 में शिक्षक देवेश भाटिया द्वारा चार दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया है।



शिविर के पहले दिन मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बटला और उनके साथ वार्ड की पूर्व पार्षद मेघा भंडारी ने शिरकत की। संजय बटला जी और मेघा भंडारी अपनी शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि दिनेश गुलाटी आपने और आपकी टीम ने समाज को स्वस्थ बनाने का जो अभियान चलाया है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने जो साधक बैठे हैं, वह भी शिक्षक बने और स्वस्थ भारत की मुहिम सफल हो।
मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने प्राणायाम के अभ्यास के दौरान कहा कि स्वयं को रोगमुक्त रखने के लिए योग ही एकमात्र साधन है। साथ ही साथ उन्होंने लंबी गहरी श्वास भरने के महत्व को बताते हुए कहा कि इससे शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और शरीर के प्रत्येक अंग तक शुद्ध ऑक्सीजन यानि प्राणवायु जाती है।दिनेश गुलाटी ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत की टीम के लिए तिकोना पार्क में योगा शेड की मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, संजय बटला और मेघा भंडारी का आभार व्यक्त किया।

## घर से लापता 3 वर्षीय बच्चे को तलाश कर पुलिस चौकी चावला कॉलोनी टीम ने किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीआईजी कम डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना शहर बल्लबगढ़ प्रभारी की टीम पुलिस चौकी चावला कॉलोनी की टीम ने घर से लापता 3 वर्षीय लडके को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी में बजरिया टेलीफोन के 3 साल के बच्चे के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई जिस सूचना पर चौकी इंचार्ज ने सहायक उप निरीक्षक अजय सिंह के नेतृत्व में टीम बनाकर तुरंत मौके पर भेजी। टीम के द्वारा एरिया में काफी तलाशी की गई आस पास के लोगो से पूछताछ की, साथ ही बच्चे के संबंध में पुलिस कन्ट्रोल की मदद से सभी थाना व चौकी में बच्चे के संबंध में सूचना भेजकर जानकारी हासिल की साथ ही सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से बीट के सभी पुलिसकर्मियो से सूचना प्राप्त की, काफी प्रयास के बाद करीब 2 घंटे की तलाशी के बाद बच्चे का चौक तिगांव रोड पर घूमने की सूचना मिली बच्चे को वहां से तुरंत तलाश किया गया।
बच्चे को हवाले करते हुए परिजनों को समझाया कि उन्हें अपने बच्चों का ध्यान रखना चाहिए क्योकिं बच्चे अगर किसी गलत हाथ में चले गए तो उनकी जिंदगी बर्बाद हो सकती है। परिजनों द्वारा पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया गया।

## मंदिर के पुजारी पर दुष्कर्म का आरोप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन क्षेत्र के एक गांव के मंदिर में सेवायत पुजारी पर दलित महिला से दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीडित की शिकायत पर थाना गोवर्धन पर पुजारी के विरूद्ध संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी पुजारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गुरुवार को गांव में बने एक मंदिर के पुजारी विजय दास के खिलाफ गांव की रहने वाली एक दलित महिला ने दुष्कर्म के आरोप में पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मंदिर के पुजारी विजय दास बुधवार की देर रात घर में घुस आया और तमंचा के बल पर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। महिला का आरोप है कि जब विरोध किया तो आरोपी ने कहा कि तुझे व तेरे बच्चों को तमंचे से गोली मारकर मार दूंगा, पीड़िता ने गोवर्धन थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आंदोलन कर रहे किसानों की मांगों को पूरा करे सरकार: हुड्डा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा किसानों के दिल्ली कूच पर बोले कि किसानों की मांगें जायज हैं। सरकार को शीघ्र उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। वे गुरुवार को यहां दि गर्ल्स मॉडल स्कूल के कार्यक्रम में पहुंचे थे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने संस्था के कार्य की सराहना की। पूर्व सीएम ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति की प्राथमिकता होनी चाहिए। टीका राम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि टीकाराम एजुकेशन सोसायटी की



विकास यात्रा शानदार रही है। खेल, शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।
टीकाराम बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र राणा ने कार्यक्रम के शुभारंभ में संस्था की गतिविधियों एवं उपलब्धियां को प्रस्तुत किया व डॉ. उर्मिल हुड्डा ने मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह हुड्डा व संस्था के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया का स्वागत किया। समारोह में सभी संस्थानों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सोनीपत विधायक सुरेन्द्र पंवार, गोहाना विधायक से जगबीर मलिक, खरखौदा से विधायक जयबीर सिंह, बरोदा से विधायक इंदु राज नरवाल( भालू), सफीदों से विधायक सुभाष गंगोली, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व विधायक संत कुमार, मोनू हुड्डा, निखिल मदान महापौर सोनीपत, सुखबीर फरमाना, कर्नल रोहित चौधरी, चक्रवर्ती शर्मा व टीका राम एजुकेशन सोसायटी के उप्रधान राम चंद्र शास्त्री, भूपेन्द्र सिंह दहिया, रंजीत मलिक, अमन दहिया, अभय दहिया आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## बरात में दूल्हे को लगी गोली, लड़की पक्ष ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शादी**

8 -देर रात दूल्हा दुल्हन की शादी की रस्में पूरी हुई और सुबह दूल्हा दुल्हन को विदा कराकर घर ले गया।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नौहझील कस्बा में बीती बुधवार की रात बारात चढ़त के दौरान दूल्हा को गोली मार दी थी जो कि दूल्हे की जांघ पर लगी थी। जिसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार देने के बाद दूल्हे को मथुरा रेफर कर दिया था। उपचार मिलने के बाद देर रात दूल्हा दुल्हन की



शादी की रस्में पूरी हुईं और सुबह दूल्हा दुल्हन को विदा कराकर घर ले गया। सोनम पुत्री निरंजन निवासी फरीदमपुर थाना नौहझील की शादी बुलंदशहर निवासी रेखपाल के पुत्र गौरव के साथ तय हुई। शादी समारोह का कार्यक्रम नौहझील के रायपुर रोड़ स्थित कृष्णा मैरिज होम में चल रहा था। चारों ओर खुशियों का माहौल छाया हुआ था और दावत खाने के बाद बाराती बारात चढ़ाने की तैयारी कर रहे थे। तभी पहले से घात लगाए गांव के ही नामजद पिता पुत्र ने दूल्हे पर गोली दाग दी, जो कि दूल्हे गौरव की जांघ में जा लगी। जिससे गौरव लहुलुहान होकर नीचे गिर पड़ा और मौके पर भगदड़ मच गई। इस दौरान आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। दूल्हे के गोली लगी देख बरातियों व घरातियों में हड़कंप मच गया और खुशियों में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायल दूल्हे को सीएचसी नौहझील भिजवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद दूल्हे को मथुरा रेफर कर दिया।
मौके पर एसपी देहात त्रिगुन बिसेन, इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह व उपनिरीक्षक अंकित कुमार मौके पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गये व छानबीन में जुट गए। मथुरा से उपचार मिलने के बाद देर रात दूल्हे गौरव व दुल्हन सोनम की शादी की रस्में पूरी हुईं और दूल्हा दुल्हन को विदा करा कर साथ ले गया। वहीं लड़की पक्ष द्वारा गांव के ही तीन नामजद लोगो के विरुद्ध तहरीर दी गई है। वहीं इलाका पुलिस मौका मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई है। स्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि देर रात शादी की रस्में पूरी होने के बाद दूल्हा दुल्हन को विदा कराकर ले गया है। लड़की पक्ष द्वारा गांव के ही राहुल, तेजसिंह और बीरेंद्र के विरुद्ध तहरीर दी गई है। मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## 910 ग्राम गांजा सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन /इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 प्रभारी नवीन कुमार की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।
पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अशोक (53) फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर 56



से गांजा सहित काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 910 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से यह गांजा खरीदकर लाया था और पैसों के लालच में इसे फरीदाबाद में बेचना चाहता था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी इससे पहले भी गांजा और शराब तस्करी के मुकदमे में दो बार जेल की सजा काट चुका है।
पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 16 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## गुरु गोरखनाथ धाम में 271.39 लाख से होंगे विकास कार्य

**चम्पावत:** जनपद के सीमांत मंच तामली क्षेत्र में स्थित गुरु गोरखनाथ धाम में पर्यटन सुविधाओं को विकसित किए जाने को लेकर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 अंतर्गत जनपद के गुरु गोरखनाथ धाम में पर्यटक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किए जाने की शासन द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने अवगत कराया कि गुरु गोरखनाथ धाम में पर्यटक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किए जाने के लिए कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम लोहाघाट को 271.39 लाख की धनराशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों में मंच में हिमालय दर्शन के लिए वॉच टावर एवं कैफेटेरिया, मंच से गोरखनाथ ट्रैक रूट का पडंजा के रूप में विकास, गुरु गोरखनाथ की मूर्ति की स्थापना, धाम में टॉयलेट का विकास, चाहरदीवारी का निर्माण, रैन वाटर हार्वेस्टिंग का विकास, मंदिर के 3 गेटों का पुनर्निर्माण, मंदिर परिसर में पटाल से फर्श का निर्माण तथा समस्त मार्ग में बेंचेस एवं साइनेज की स्थापना की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि स्वीकृत धनराशि से मदानुसार यथा शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

## रालोद अध्यक्ष से दिल्ली में मिले पार्टी के सभी विधायक

**लखनऊ:** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के सभी नौ विधायकों से दिल्ली में बैठक की। रालोद अध्यक्ष ने सभी के साथ राज्यसभा चुनाव में मतदान से पूर्व रणनीति पर चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से रालोद विधायकों से यूपी राज्यसभा चुनाव में सपा को हराये जाने पर फोकस किया गया। सूत्रों की मानें तो इसमें क्रास पश्चिम के सपा नेताओं को पाले में कर क्रास वोटिंग कराए जाने पर भी जोर दिया गया है। इस बैठक को लेकर रालोद अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सभी पार्टी विधायकों से एक सुखद मुलाकात रही। इसमें बदले समीकरण में बीजेपी के साथ गठबंधन के साथ पर सभी विधायकों का एक मत है।

# 'इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश-दुनिया का सफलतम मॉडल'

### मुख्यमंत्री ने किया बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 60 करोड़ रुपये के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास

योगी मॉडल

**हमनें इंसेफेलाइटिस का चरम भी देखा है और आज उसे समाप्त होते भी देख रहे हैं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से छह-सात वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित और समाप्त हो चुका है। इसके उन्मूलन की बस घोषणा बाकी है। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश और दुनिया का एक सफलतम मॉडल है। स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाकर तैयार किए गए इस सफलतम मॉडल का केंद्र गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज है। सीएम योगी गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस इंसेफेलाइटिस से हर साल बारह सौ से पंद्रह सौ मौतें होती थीं, आज उसे पूरी तरह कंट्रोल करते हुए हम लोग मासूम बच्चों को बचाने में सफल हुए हैं। स्वाभाविक रूप से उसके लिए जो मैनपावर लगता था, उसमें जो संसाधन लगते थे, उसको हम क्वालिटी ऑफ हेल्थ के लिए अन्य लोगों को भी उपलब्ध कराने में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस नियंत्रण के सफलतम मॉडल का केंद्र बिंदु बीआरडी मेडिकल कॉलेज बना क्योंकि सबसे ज्यादा बोझ इसी पर रहता था। उन्होंने कहा कि हमनें इंसेफेलाइटिस का चरम भी देखा है और आज उसे समाप्त होते भी देख रहे हैं।

**मॉडल बनाने में मीडिया ट्रायल तक झेलना पड़ा:** सीएम योगी ने कहा कि 1977-78 से लेकर 2017 तक इंसेफेलाइटिस को समाप्त करने के बारे में सरकारें सोचती तक नहीं थीं। 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर मैंने समाप्त करने, इसके उन्मूलन के बारे में मॉडल तैयार करने पर विचार किया। इसी सिलसिले में कुशीनगर मुसहरों के बीच जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्हें स्वच्छता के तरीके समझाए, साबुन के प्रयोग की जानकारी दी। तब मुझ पर तीन दिन मीडिया ट्रायल चला। मीडिया में हंसी उड़ाई गई कि एक मुख्यमंत्री गरीबो को साबुन बांट रहा है। पर, जब कोरोना आया तो ट्रायल करने वाले मीडिया के साथियों को भी साबुन और स्वच्छता की बात समझ में आई।

**सफाई खुद में कई रोगों की रोकथाम है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता पर ध्यान कई बीमारियों का समाधान है। इसे इंसेफेलाइटिस समाप्त करने की दिशा में मिशन मोड में बढ़ाया गया तो परिणाम सामने आया। 1997 98 से 2017 तक देखा आज परिणाम। बीमारी का चरम भी देखा और आज समाप्त होते भी। सीएम योगी ने कहा कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज का अपना गौरवशाली इतिहास है।

### योगी सरकार का लक्ष्य, 2026 तक उत्तर प्रदेश होगा फाइलेरिया मुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूर्वांचल में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) जैसी खतरनाक बीमारियों को नियंत्रित करने के बाद अब फाइलेरिया के उन्मूलन में जुट गई है। योगी सरकार के निर्देश पर सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोगों के घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। अभियान के शुरूआती चार दिनों में ही करीब 20 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य टीम से अपील की है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रदेशवासियों को सिर्फ दवा न खिलाएं बल्कि जागरूक भी करें।

**चार दिन में 20 प्रतिशत लोगों ने खा ली फाइलेरिया रोधी दवा:** फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि एमडीए अभियान में कुल 3,60,25,891 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके सापेक्ष सिर्फ चार दिन में ही 66 लाख 14 हजार 589 यानि करीब 20 प्रतिशत लोगों ने फाइलेरियारोधी दवा खा ली है।



मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि उनकी सरकार के रहते कोई भी गरीबों को उजाड़ नहीं पाएगा। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है।, कराई जाएगी। सीएम योगी ने ये बातें गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहीं।

## बीजापुर में पुलिस कैंप पर नक्सलियों ने बैरेल ग्रेनेड लॉन्चर दागे

**रायपुर: छत्तीसगढ़** के बीजापुर-सुकमा के सीमावर्ती इलाके गढ़ गुंडम में गुरुवार को पुलिस फोर्स का नया कैंप स्थापित किया गया है। कैंप स्थापित करने के पहले ही दिन नक्सलियों ने वहां हमला कर दिया। बड़ी संख्या में कैंप पर नक्सलियों ने बैरेल ग्रेनेड लॉन्चर दागे हैं। जवानों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग निकले। मौके से 5-5 किलो के छह आईईडी बरामद हुए हैं। हमले में किसी जवान को नुकसान की खबर नहीं है। इस मौके पर बीजापुर के सारे आला अधिकारी मौजूद हैं। गुंडम घोर नक्सल प्रभावित इलाका है। अभी तक फोर्स यहां जाने में डरती थी, क्योंकि यहां नक्सलियों की बटालियन काम करती है। डीएसपी तुलसी लेकाम ने बताया कि यह मुठभेड़ कैंप समीप हुई है। नक्सलियों द्वारा यूजीबीएल से हमला करने पर जवानों ने जवाबी कार्रवाई की है, जिससे नक्सली भागने में सफल रहे। डीएसपी ने बताया कि गुंडम कैंप काफी दूरस्थ इलाके में है, जहां का नेटवर्क सही नहीं है।

## संदेशखाली में महिलाओं की दयनीय स्थिति की राष्ट्रीय महिला आयोग ने की निंदा



यौन हिंसा

**पुलिस अधिकारियों, टीएमसी के सदस्यों ने उनके साथ शारीरिक और यौन हिंसा की**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हो रही हिंसा पर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में आयोग की तरफ से तथ्यान्वेषण कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में संदेशखाली में महिलाओं की दयनीय स्थिति की तीखी निंदा की है। 12 फरवरी को एनसीडब्ल्यू की एक टीम ने क्षेत्र में महिलाओं के खिलाफ गंभीर हिंसा और धमकी की खबरों को देखते हुए स्थिति का आकलन करने के लिए संदेशखाली का दौरा किया। टीम के निष्कर्षों में पाया गया कि पश्चिम बंगाल सरकार और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की ओर से लापरवाही और मिलीभगत के कारण वहां हिंसा हो रही है और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एनसीडब्ल्यू की सदस्य डेलिना खोंगडुप ने संदेशखाली की यात्रा के दौरान स्थानीय पुलिस अधिकारियों के रवैये पर गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने कथित तौर पर एनसीडब्ल्यू के साथ सहयोग करने से इनकार कर दिया और टीम को किसी भी प्रकार की सहायता नहीं दी। आयोग की सदस्य ने बताया कि संदेशखाली में महिलाओं से बातचीत के आधार पर पता चला कि वहां महिलाएं न केवल प्रताड़ित की जा रही हैं बल्कि सुरक्षित भी नहीं है।

पीड़ितों ने आयोग को बताया कि पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सदस्यों ने उनके साथ शारीरिक और यौन हिंसा की। जिन महिलाओं ने इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ बोलने की हिम्मत की, उन्हें तत्काल प्रतिशोध का सामना करना पड़ा। इसमें उनकी संपत्ति की जब्ती, परिवार के पुरुष सदस्यों की मनमानी गिरफ्तारी शामिल थी। आयोग की सदस्य ने बताया कि वहां खौफ इस कदर है कि एनसीडब्ल्यू समिति द्वारा ली गई महिला की गवाही की रिकॉर्डिंग उसकी सुरक्षा के मद्देनजर हटानी पड़ी। पश्चिम बंगाल में यह स्थिति चिंताजनक है

## कोयला गैसीकरण प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए आज बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**केंद्रीय कोयला** मंत्रालय शुक्रवार को हैदराबाद में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े उद्योग के हितधारकों के साथ बैठक की मेजबानी करेगा। इसका उद्देश्य देशभर में कोयला एवं लिग्नाइट गैसीकरण प्रोजेक्ट के विकास और प्रसार में तेजी लाना है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि कोयला सचिव अमृत लाल मीना इस बैठक के मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद भी मौजूद रहेंगे।केंद्र सरकार ने देश की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला एवं लिग्नाइट गैसीकरण प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए 8,500 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। गैसीकरण प्रोजेक्ट की योजना तीन श्रेणियों के तहत बनाई गई है। ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े उद्योग हितधारकों के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से कोयला मंत्रालय गैसीकरण प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना चाहता है। इसके साथ ही कोयला एवं लिग्नाइट-आधारित ऊर्जा समाधानों के लिए एक मजबूत इको-सिस्टम के विकास को सुगम भी बनाना चाहता है। यह आयोजन कोयला एवं लिग्नाइट गैसीकरण प्रोजेक्ट से जुड़े अवसरों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए नीति निमार्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं और निवेशकों सहित प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाएगा।

## सीएम धामी ने गौचर में किया रोड-शो

उत्साह

**पुरुषों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं रोड-शो में शामिल हुई। इस दौरान लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा था**



**टीम एक्शन इंडिया/ देहरादून/चमोली**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गौचर में आयोजित नंदा गौरा महोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए पहुंचे। इस बीआरओ गेस्ट हाउस, गौचर से मेला मैदान तक रोड-शो किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज दोपहर हेलीकॉप्टर से गौचर पहुंचे। इसके बाद कार से बीआरओ गेस्ट हाउस में पहुंचे। यहां से मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल तक रोड शो किया। इस दौरान पुरुषों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं रोड-शो में शामिल हुई। इस दौरान लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा था। मुख्यमंत्री धामी आज विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। 'नंदा-गौरा महोत्सव' बेटी ब्वारी आवा उत्तराखण्ड तै अगनि बढ़ावा कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सिक्की आर्ट से नदियों की घास को बनाया उपयोगी

सूरजकुंड मेला

**सिक्की घास के इस्तेमाल से बनाती हैं देवी देवताओं की तस्वीर, ऐतिहासिक भवन एवं ज्वैलरी**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
बिहार राज्य के सीतामढ़ी क्षेत्र की रहने वाली 33 वर्षीय ज्योत्सना ने नदियों में उगने वाली सिक्की घास को अपने हुनर से न केवल उसे उपयोगी बनाया, बल्कि आर्थिक तरक्की का आधार भी बना लिया है। घास से बनी देवी देवताओं, ऐतिहासिक स्थलों और ज्वैलरी अब हजारों की कीमत में बिक रही है। इसी सिक्की घास की कला को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने ज्योत्सना को वर्ष 2014 में राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा है। ज्योत्सना अब अपनी इस कला पर पीएचडी भी कर रही हैं। उन्होंने पिछले 24 वर्षों में इस कला को देश के विभिन्न हिस्सों में पहचान दिलाने के साथ-साथ अमेरिका, इथोपिया, जर्मनी और दुबई तक पहुंचाने का कार्य किया हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ज्योत्सना 50 से अधिक महिलाओं को अपने साथ जोडक? उन्हें भी आत्मनिर्भर बना चुकी हैं। शिल्पकार ज्योत्सना ने बताया कि सिक्की कला राजा जनक के कार्यकाल से चली आ रही है। पुराणों में वर्णित है कि सिक्की कला का उदय सीतामढ़ी से हुआ है। विदेहराज राजा जनक ने अपनी पुत्री वैदेही को विदाई के समय मिथिला की महिलाओं से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनवाकर दी थीं, जिसमें सिक्की कला की पौती, पेटारी, डिब्बी आदि शामिल थी। तभी से इस कला का उद्गम माना जाता है। उन्होंने बताया कि वह सिक्की कला में ही पीएचडी भी कर रही हैं। ज्योत्सना ने बताया कि सिक्की घास बिहार की बाढ़ वाली नदियों के अलावा नेपाल की नदियों में पाई जाती है।

## छत्तीसगढ़ में डीएसपी स्तर के 10 अधिकारियों का तबादला

**रायपुर: छत्तीसगढ़** पुलिस के एएसपी और डीएसपी स्तर के 10 अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब संजय सिंह रायपुर क्राइम ब्रांच के नए डीएसपी होंगे। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। गृह विभाग द्वारा जारी किये गए तबादला आदेश में राजेन्द्र प्रसाद भैया को रायगढ़ में 6वीं वाहिनी छसबल के प्रभारी सेनानी की जिम्मेदारी दी गई है। राजेन्द्र कुमार जायसवाल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, सोनिया घरडे को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज्य पुलिस अकादमी, चंद्रखुरी रायपुर, शिवचरण सिंह परिहार को सुकमा उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में खुले भारत के तरक्की के रास्ते: कृष्णपाल गुर्जर



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने गुरुवार को बल्लबगढ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की एक और सौगात दी है। उन्होंने बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में सीवर और सडकों सहित करोड़ों की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को एक करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से होने वाले कार्यों की सौगात देते हुए सीवरेज लाइन और आरएमसी सडको के साथ-साथ हरी विहार कालोनी में इंटरलॉकिंग टाइल से कार्य होगा। उन्होंने सौगात की इस कड़ी में ऊंचा गांव में राठौर चौक से सेक्टर- 62 तक जाने वाली सीवर लाइन के अलावा ऊंचा गांव में सैनिक स्कूल के सामने बनाई जाने वाली आरएमसी रोड, वार्ड 40 में हारी बिहार की 17 गलियों को इंटर लाकिगं टाइलों से बनाने का शिलान्यास किया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तरक्की के रास्ते खुले हैं और भारत देश का सम्मान दुनिया में बढ़ा है। उसी तरह हरियाणा में भी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास हुआ है।

## हल्द्वानी: कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र के बच्चे भी देंगे सीबीएसई बोर्ड परीक्षा

अनुमति

**छात्र-छात्राओं को सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा देनी है उन्हें प्रवेश पत्र दिखाकर स्कूल तक जाने की अनुमति मिलेगी**

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**
**सीबीएसई की** शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में कर्फ्यू प्रभावित बनभूलपुरा क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। इसके लिए उन्हें अपना प्रवेश पत्र कर्फ्यू पास के तौर पर इस्तेमाल करना होगा। यहां के कई बच्चे शहर के नामी निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। सीबीएसई से संबद्ध निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बनभूलपुरा के बच्चों की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर असमंजस बना हुआ था। स्कूलों की ओर से इस संबंध में लगातार स्थिति स्पष्ट करने की मांग की जा रही थी। इस संबंध में शासन स्तर पर भी वार्ता की जा रही थी। निर्देश मिलने के बाद बुधवार शाम को डीएम की मौजूदगी में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि बनभूलपुरा के जिन छात्र-छात्राओं को सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा देनी है उन्हें प्रवेश पत्र दिखाकर स्कूल तक जाने की अनुमति मिलेगी।

आदेश

### यह आदेश 15 फरवरी से सुबह 5 बजे से अगले आदेशों तक लागू रहेगा

## हल्द्वानी हिंसा: आरएफसी गोदाम क्षेत्र में सुबह 9 से 4 बजे तक कर्फ्यू में छूट

आवागमन

**आदेश का उल्लंघन करने पर लोगों के खिलाफ धारा-188 के तहत कार्रवाई की जाएगी: जिलाधिकारी**



**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**
जिलाधिकारी ने शांति व्यवस्था में सुधार को को देखते हुए वनभूलपुरा के कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र में स्थित गौजाजाली, रेलवे बाजार, आरएफसी गोदाम क्षेत्र में सुबह 9 से 4 बजे तक कर्फ्यू में छूट दी है। जबकि शेष बनभूलपुरा में 9 से 11 बजे तक कर्फ्यू में छूट देने का आदेश जारी किया है। यह आदेश 15 फरवरी से सुबह 5 बजे से अगले आदेशों तक लागू रहेगा।

जिलाधिकारी वंदना सिंह के जारी आदेश के मुताबिक वनभूलपुरा में 15 फरवरी से सुबह 5 बजे कर्फ्यू में छूट दिए जाने का आदेश लागू होगा। इसके तहत गौजाजाली, रेलवे बाजार, आरएफसी गोदाम क्षेत्र में सुबह 9 से 4 बजे तक कर्फ्यू में छूट दी है। जबकि शेष बनभूलपुरा में 9 से 11 बजे तक कर्फ्यू में छूट रहेगी। कर्फ्यू में छूट के दौरान क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति से जुड़े प्रतिष्ठान और दुकानें खुली रहेंगी। इस दौरान आम लोग आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए दुकानों तक आ जा सकेंगे जबकि अनावश्यक आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। क्षेत्र के लोगों के लिए यह छूट सिर्फ कर्फ्यू वाले क्षेत्र में ही आवागमन की अनुमति रहेगी। वह कर्फ्यू वाले क्षेत्र से बाहर आ-जा नहीं सकेंगे। कर्फ्यू में छूट के तहत छात्र-छात्राएं परीक्षा देने के लिए क्षेत्र से परीक्षा केंद्र तक आ जा सकेंगे। साथ ही क्षेत्र में निवासरत कर्मचारी भी बोर्ड ड्यूटी पर जा सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर लोगों के खिलाफ धारा-188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अधिकारियों को लाउडस्पीकर से क्षेत्र में इस आदेश का प्रचार करने के आदेश दिए हैं।